शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 186 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 01 अगस्त 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## वायनाड: 158 लोगों की मौत-191 लापता, आपदा ने दिए अंतहीन जख्म

### अधिकारियों को उन 191 लोगों की चिंता है, जो इस आपदा में लापता हो गए, वायनाड में राहत एवं बचाव कार्य पूरे जोर शोर से चल रहा





**वायनाड**
**केरल** के वायनाड जिले में प्राकृतिक आपदा के कहर में 158 लोग काल का गाल में समा गए। अब अधिकारियों को उन 191 लोगों की चिंता है, जो इस आपदा में लापता हो गए हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन का कहना है कि वायनाड में राहत एवं बचाव कार्य पूरे जोर शोर से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि केरल की धरती में इस तरह की दर्दनाक घटना पहले कभी नहीं हुई। इस बीच वायनाड जिला प्रशासन ने बताया कि इस आपदा में मारे गए लोगों की संख्या 158 पहुंच गई है। इससे पहले तिरुवनंतपुरम में सीएम पिनरई विजयन ने कहा था कि अब तक कुल 144 शवों को बरामद कर लिया गया है, जिनमें 79 पुरुष और 64 महिलाएं हैं। सीएम ने कहा था कि अभी भी कुल 191 लोग लापता हैं। दिन की शुरूआत में सीएम विजयन ने मंत्रिमंडल की बैठक में वायनाड आपदा में मारे गए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जिले के मुंडक्कई और चूरलमला क्षेत्रों में बेहद बुरा हाल है। ये दोनों क्षेत्र पूरी तरह से तबाह हो गए हैं। सीएम ने आगे बताया कि आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बाव कार्य जोर शोर से चल रहे हैं। सीएम विजयन ने कहा, द्यदो दिनों के भीतर कुल 1,592 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। राहत और बचाव कार्य के पहले चरण में 68 परिवारों के 206 लोगों को तीन शिविरों में पहुंचाया गया। इनमें 75 पुरुष, 88 महिलाएं और 43 बच्चे शामिल हैं।द्ध सीएम विजयन के अनुसार, इसके बाद दूसरे चरण में लापता हुए और अपने घरों में फंसे 1,386 लोगों को बचाया गया। इनमें कुल 528 पुरुष, 559 महिलाएं और 299 बच्चे शामिल हैं।

## राहत शिविरों में 421 परिवारों के 1,486 लोग रह रहे



**मेप्पाडी** में आठ राहत शिविरों में 421 परिवारों के 1,486 लोग रह रहे हैं। इस बीच थल सेना, वायुसेना और एनडीआरएफ के जवान लगातार लोगों की बचाने में मुहिम में जुटे हैं। जो घर मलबे में दब गए हैं, वहां से बड़े बड़े पत्थरों को हटाया जा रहा है। सेना का कहना है कि जहां जवानों को तैनात किया गया है, वहां मंगलवार रात तक एक हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। उधर, भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों से प्रभावित इलाकों में आसमान से नजर रखी जा रही है। वायनाड में पहला भूस्खलन मंगलवार की रात दो बजे आया। इसके बाद सुबह चार बजकर 10 मिनट पर दूसरा भूस्खलन आया। जिस दौरान लोग अपने घरों में चैन की नींद सो रहे थे, उस दौरान बारी तबाही मचने से अधिकतर लोगों की मौत हुई। आपदा के बाद हर तरफ भयावह दृश्य नजर आ रहे हैं। राहत और बचाव कार्यों के दौरान तबाह हुए घरों को देखा गया। मुंडक्कई में सबसे अधिक तबाही मची है।

## राहत-बचाव कार्यों में जुटे सेना के जवान



इन सभी को सात शिविरों में पहुंचाया गया है। इसके अलावा 201 लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया है, जिनमें से 90 लोगों का इलाज अभी भी जारी है। सीएम पिनरई विजयन का कहना है कि वायनाड जिले में मौजूदा समय में 82 राहत शिविरों में कुल 8,017 लोग रह रहे हैं, जिनमें 19 गर्भवती महिलाएं भी शामिल हैं।
इसके बाद सुबह चार बजकर 10 मिनट पर दूसरा भूस्खलन आया। जिस दौरान लोग अपने घरों में चैन की नींद सो रहे थे, उस दौरान बारी तबाही मचने से अधिकतर लोगों की मौत हुई। आपदा के बाद हर तरफ भयावह दृश्य नजर आ रहे हैं।

## प्रदेश में निर्धारित शिड्यूल के अनुसार हो सभी क्षेत्रों को निर्बाध विद्युत अपूर्ति: योगी सरकार



**लखनऊ**
भीषण गर्मी और उमस के बीच प्रदेश की जनता को समस्या न हो, इसके लिए योगी सरकार ने निर्धारित शिड्यूल के अनुरूप सभी क्षेत्रों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति देने के निर्देश दिए हैं। सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया गया है कि शिड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति के बीच होने वाली विद्युत समस्या की भरपाई रोस्टर के दौरान अतिरिक्त अपूर्ति देकर पूरी की जाए।

**किसानों को न हो सिंचाई में समस्या**

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में 18:00 घण्टे, तहसील मुख्यालय स्तर पर 21:30 घण्टे व जनपद मुख्यालय स्तर पर 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति का शिड्यूल प्रदेश सरकार ने निर्धारित किया है, जिसे हर हाल में बनाए रखना है। किसी भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के दौरान यदि कोई स्थानीय फाल्ट के कारण कुछ समय के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, तो उसकी भरपाई रोस्टर कटौती के दौरान अतिरिक्त आपूर्ति देकर की जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी गांव में सुबह 06 से 09 बजे के बीच व अपरान्ह 12 से 03 बजे के बीच रोस्टिंग तय की गई है और इसी दौरान सुबह 09 से 12 बजे के बीच स्थानीय फाल्ट के कारण 02 घण्टे विद्युत आपूर्ति बाधित होती है तो दोपहर 12 से 03 बजे के बीच में 02 घण्टे की अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था कर ली जाए, जिससे उस क्षेत्र में कुल 18 घण्टे की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। साथ ही बाधित सप्लाई के बदले प्रतिपूरक आपूर्ति की यही व्यवस्था कृषि फीडरों पर भी लागू होगी, जिससे किसानों को सिंचाई के लिए समस्या न हो। इस व्यवस्था को अनिवार्य रूप से सभी डिस्कॉम अपने क्षेत्रों में लागू करेंगे।

## पिछले साल 527 होली स्पेशल, 6369 ग्रीष्मकालीन और 4480 छठ स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं : वैष्णव



**नई दिल्ली**
रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि भारतीय रेलवे ने त्योहारों और छुट्टियों के दौरान पिछले साल 527 होली स्पेशल, 6369 ग्रीष्मकालीन स्पेशल और 4480 छठ व दिवाली स्पेशल ट्रेनें संचालित की गईं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि महामारी के कारण वर्ष 2019 से 2024 तक यात्री यातायात में बहुत अधिक अंतर रहा। हालांकि, भारतीय रेलवे (आईआर), विभिन्न प्रकार की नियमित समय-सारिणी वाली ट्रेनें चलाता है, जैसे उपनगरीय, छोटी दूरी की यात्री ट्रेनें, लंबी दूरी की, मेल एक्सप्रेस, सुपरफास्ट ट्रेनें, जो यात्रियों के विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग संरचना के साथ संचालित होती हैं। वैष्णव ने कहा कि मेल व एक्सप्रेस ट्रेनों की संरचना के बारे में मौजूदा नीति के अनुसार, 22 कोच वाली ट्रेन में 12 सामान्य श्रेणी और स्लीपर श्रेणी के गैर-एसी कोच और आठ एसी कोच की व्यवस्था है, जिससे सामान्य और गैर-एसी स्लीपर कोच का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए अधिक सुविधा उपलब्ध होती है। वर्तमान में ट्रेन सेवाओं के संचालन के लिए उपयोग किए जा रहे कुल कोचों में से दो-तिहाई गैर-एसी और एक-तिहाई एसी प्रकार के हैं।

## मंडी में भी चला ईडी का चाबुक, दो अस्पतालों व उनके मालिकों के आवासों पर दबिश

**मंडी**
**केंद्र** संचालित स्वास्थ्य योजनाएं आयुष्मान व अन्य में भारी गोलमाल की शिकायतों के बीच प्रर्वतन निदेशालय एईडीए की टीम ने बुधवार को प्रदेश के कई जिलों में एक दर्जन के लगभग अस्पतालों व उनके मालिकों के आवासों पर दबिश दी। मंडी में भी अस्पताल मार्ग पर स्थित एक निजि अस्पताल व पुलघराट स्थित उसके मालिक के अलावा गुटकर स्थित अस्पताल के मालिकों के जरल मलोरी स्थित आवास पर दबिश दी। ईडी टीम के अधिकारी पंजाब की गाड़ियों में सुबह 8 बजे ही सीआरपीएफ के जवानों की सुरक्षा के साथ मंडी पहुंचे तथा अलग अलग टीमें बनाकर अस्पताल व आवासों में दबिश दी। बताया जाता है कि इन अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत लाखों करोड़ों का गोलमाल करने की शिकायतें हैं। जाली आयुष्मान कार्डों के जरिए सरकार का करोड़ों रूपए हड़पा गया है। माना जा रहा है कि आयुष्मान कार्ड के जरिए जो पात्र मरीजों को पांच लाख तक इलाज की निशुल्क सुविधा है उसी का लाभ उठाया गया है।

## आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जून में घटकर 4 फीसदी पर



**नई दिल्ली**
अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर झटका देने वाली खबर है। देश के प्रमुख बुनियादी उद्योगों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। जून में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन की वृद्धि दर नरम पड़कर 4 फीसदी रह गई है। इससे पिछले महीने मई में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 6.3 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि कच्चे तेल और रिफाइनरी उत्पादों का प्रोडक्शन घटने से जून में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की उत्पादन दर नरम पड़कर 4 फीसदी रही है।
मंत्रालय के मुताबिक जून महीने में इन प्रमुख उद्योगों की वृद्धि दर सालाना और मासिक दोनों आधार पर घटी है। मई, 2024 में प्रमुख क्षेत्रों का उत्पादन 6.3 फीसदी बढ़ा था, जबकि जून, 2023 में इसकी वृद्धि दर 8.4 फीसदी रही थी।

## देश की अर्थव्यवस्था-रक्षा में सिख समाज का बड़ा योगदान: मनोहर

### सिख समाज की ओर से अपने सम्मान समारोह में कही यह बात

### झज्जर से मनु भाकर, अंबाला से सरबजोत सिंह को मेडल जीतने पर दी बधाई

**गुरुग्राम/दिल्ली**



केन्द्रीय विद्युत, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सिख समाज का देश के विकास में हर क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान रहा है। देश की अर्थ व्यवस्था और देश की रक्षा में तैनात सेना बल में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने सिख समाज से आह्वान करते हुए कहा कि देश-प्रदेश की तरक्की व विकास में इसी प्रकार से सिख समाज के लोग लगातार हर क्षेत्र में भाग लेते हुए आगे बढाने का काम करते रहें। मनोहर लाल नई दिल्ली में बेल-ला-मोंटे रिजार्ट में उनके सम्मान में रखे गए एक प्रीतिभोज कार्यक्रम में हरियाणाभर से पहुंचे सिख समाज के उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे।

## जीएसडीपी में वृद्धि के आधार बने पशुपालन व डेरी विकास की योजनाएं : मुख्यमंत्री



**देहरादून**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को पशुपालन और डेरी विकास के क्षेत्र में आगामी 03 वर्षों में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में योगदान 03 प्रतिशत से बढ़ाकर 05 प्रतिशत करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए उन्होंने स्थानीय उत्पादों को तेजी से बढ़ावा देने पर भी बल दिया। बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पशुपालन, डेरी विकास, मत्स्य पालन और गन्ना विकास विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पशुपालन और डेरी विकास के क्षेत्र में जीएसडीपी में वृद्धि के लिए आवश्यक संसाधनों का पूरा एक्शन प्लान तैयार कर प्रस्तुत करने के साथ प्रत्येक जनपद में एक-एक मॉडल पशु चिकित्सालय बनाए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के साथ नवाचार की दिशा में विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कार्य किया जाए।

## स्कूली बच्चों से भरी कैंपर पलटी, दो की मौत

**बीकानेर।** टीचर की रिटायरमेंट पार्टी में जा रहे स्कूली बच्चों से भरी कैंपर पलट गई। हादसे में एक बच्चे समेत दो लोगों की मौत हो गई। 29 बच्चे घायल हैं। इनमें से 3 गंभीर घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया है। हादसा बुधवार दोपहर करीब 1 बजे चूरू जिले के तारानगर थाना क्षेत्र में मेघसर से धीरवास रोड पर नाथों की ढाणी के पास हुआ। तारानगर डीएसपी मीनाक्षी ने बताया कि मेघसर के गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के ग्रेड थर्ड टीचर भागूराम बुधवार को रिटायर हुए हैं।

## उत्तराखंड में 1424 ग्राम पंचायतें हुईं टीबी मुक्त: धन सिंह रावत



**देहरादून**
चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि उत्तराखंड की 1424 ग्राम पंचायत क्षयरोग (टीबी) से मुक्त हो गई हैं। भारत सरकार ने टीबी मुक्त पंचायत गतिविधि के अंतर्गत प्रमाणित करते हुए इन सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया है। यह राज्य के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं और योजनाओं के सटीक क्रियान्वयन के चलते प्राप्त की गई है। अब प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल करना है जिसके लिये राज्य सरकार लगातार प्रयासरत है। मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश टीबी उन्मूलन की दिशा में अग्रसर है। दवा और हौसलों के दम पर क्षयरोग को मात देने में सफलता मिल रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में टीबी मुक्त पंचायत अभियान वृहद स्तर पर चलाया जा रहा है। जिसके सफल क्रियान्वयन के चलते भारत सरकार ने प्रदेश की 1424 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत लगभग 3200 गांवों को टीबी मुक्त घोषित किया है।

## हमारी सरकार ने खोले आठ लाख कर्मचारियों के पेंशन खाते : मुख्यमंत्री



### न्यू पेंशन स्कीम पर सीएम योगी ने विधानपरिषद् में दिया बयान

### बोले, 2005 से 2017 तक रही सपा और बसपा की सरकार, नहीं खोले गये कर्मचारियों के पेंशन खाते

### हमारी सरकार ने न्यू पेंशन स्कीम के अंतर्गत राज्यांश को बढ़ाकर किया 14 प्रतिशत

**लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को विधान परिषद् में न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) को लेकर वक्तव्य दिया। एनपीएस पर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनाने के बाद राज्य के करीब 8 लाख कर्मचारियों के पेंशन खाता खोलने का कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि 2005 में जब न्यू पेंशन स्कीम लागू हुई तब प्रदेश में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में सपा सरकार थी। वहीं 2007 से 2012 तक बसपा और फिर 2012 से 2017 तक सपा सत्ता में थी, मगर ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक भी कर्मचारी के पेंशन खाते नहीं खोले गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2018 में जब ये बात हमारे सज्ञान में आई, तब हमने तत्कालीन फाइनेंस सेक्रेटरी की अध्यक्षता में कमेटी गठित की। इसमें संबंधित विशेषज्ञों को भी रखा गया। कर्मचारी संगठनों से भी चर्चा की गई। ये लगभग आठ लाख कर्मचारियों से संबंधित मुद्दा था।

## अयोध्या मॉडल सोलर सिटी घोषित, शुरू हुई 40 मेगावॉट की सौर परियोजना

### अयोध्या शहर की अनुमानित बिजली की डिमांड का 20 फीसदी सोलर एनर्जी से होगी पूरी

**लखनऊ**
अयोध्या के विकास में जुटी योगी सरकार ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। सौर ऊर्जा के जरिए 40 मेगावॉट बिजली उत्पादन की क्षमता प्राप्त करने के साथ ही अयोध्या शहर अब मॉडल सोलर सिटी के रूप में घोषित हो गई है। उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति 2022 के अंतर्गत अयोध्या शहर को मॉडल सोलर सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। इस नीति के अंतर्गत सोलर सिटी को ऐसे शहर के रूप में परिभाषित किया गया है, जहां पारंपरिक ऊर्जा की अनुमानित कुल मांग में न्यूनतम 10 फीसदी की कमी अक्षय ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना से प्राप्त की जा सके। इस लिहाज से अयोध्या शहर ने दोगुनी क्षमता का विकास कर लिया है।

दरअसल, अयोध्या शहर की अनुमानित मांग 198 मेगावाट है, इसके 10 प्रतिशत यानी लगभग 20 मेगावॉट के सापेक्ष सोलर पॉवर प्लांट की क्षमता 40 मेगावॉट हो चुकी है। इस सोलर प्लांट की स्थापना एवं कमिशनिंग का काम निर्धारित समयावधि में पूरा किया गया है। प्लांट को सरयू नदी के पास ग्राम माझा रामपुर हलवारा और ग्राम माझा सरायरासी में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड द्वारा स्थापित किया गया है। बता दें कि इस सोलर पॉवर प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए राज्य सरकार द्वारा 165.10 एकड़ सरकारी भूमि एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड को 1 रुपए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष की दर से 30 साल के लिए लीज पर उपलब्ध कराई गई है। यहीं पर 40 मेगावॉट क्षमता की सोलर पॉवर प्रोजेक्ट की स्थापना की गई है। इस प्रोजेक्ट से उत्पादित होने वाली ऊर्जा को कॉस्ट प्लस के आधार पर निर्धारित टैरिफ पर यूपीपीसीएल द्वारा 25 साल तक खरीदी जाएगी। 40 मेगावॉट क्षमता की सौर पॉवर परियाजना स्थापित होने के परिणामस्वरूप अयोध्या शहर मॉडल सोलर सिटी घोषित की गई है।

# डंपर की चपेट में आने से दसवीं के छात्र की दर्दनाक मौत

## मृतक छात्र त्रीव मौर्य था घर का इकलौता चिराग, स्कूल जाते समय छात्र हुआ दुर्घटना का शिकार

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** घर से विद्यालय के लिए निकला दसवीं का छात्र सड़क पर अनियंत्रित डंपर की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं अचानक घटित घटना में इकलौते पुत्र की मौत से परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है।



मृतक छात्र त्रीव मौर्य की फाइल फोटो





घटना के बाद मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़

फूलपुर थाना क्षेत्र के सराय अब्दुल मलिक गांव निवासी अजय प्रसाद का इकलौता पुत्र त्रीव मौर्या 15 केन्द्रीय विद्यालय इफको में दसवीं का छात्र था। बुधवार सुबह करीब सात बजे वह साइकिल से विद्यालय के लिए निकला था। अभी वह अपने गांव के सामने स्थित प्रयागराज -जौनपुर मार्ग पर पहुंचा ही था की अचानक डंपर की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक डंफर की जोरदार टक्कर से छात्र अनियंत्रित होकर उसके नीचे चला गया जिससे डंफर का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया और काफी दूर तक छात्र को घसीटता रहा। घटना देख सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। वहीं मौका देख डंफर चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। छात्र को एम्बुलेंस की मदद से घायलावस्था में सीएचसी फूलपुर ले जाया गया जहां नाजुक स्थिति देखकर चिकित्सकों ने शहर के लिए रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया की कांवरियों की वजह से मार्ग को वन वे कर दिया गया है जिससे छात्र उल्टी दिशा से आ रहे वाहन से बचने के लिए डिवाइडर के पास खड़ा हो गया था। वहीं अचानक वह उसकी था चपेट में आ गया। मृतक छात्र के पिता एक नजदीकी प्राइवेट विद्यालय में प्रधानाचार्य के पद पर कार्यरत हैं। वहीं मां प्रमिला देवी सीएचसी फूलपुर में रहती हैं। घटना से मां प्रमिला देवी के साथ ही परिजनों का जहां रो रोकर बुरा हाल है वहीं अप्रत्याशित घटना से क्षेत्र का माहौल गमगीन है।

# मां बेटी की हालत नाजुक अभी तक नहीं लगा कोई सुराग

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** थाना सराय इनायत के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत चकिया घरहरा में सोमवार की मध्य रात्रि में मां बेटी को जिंदा जलाकर मारने के मामले में बुधवार को भी पुलिस के हांथ रहे खाली। वहीं पर स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज में इलाज के लिए भर्ती मां बेटी की हालत नाजुक बनी हुई है। मामले में पुलिस छानबीन कर रही है। परंतु अभी तक कोई भी सुराग पुलिस के हांथ नहीं लग सका है। अभी तक जानकारी के अनुसार चकिया घरहरा गांव में सोमवार की रात रानी देवी 38 वर्ष पत्नी राजेश भारतीय एवं पुत्री प्रांजल उर्फ मेंनका 4 वर्ष को अज्ञात व्यक्ति द्वारा पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की गई थी। मामले में ससुर रामकृपाल की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल कर रही है। बुधवार को भी विभिन्न बिंदुओं पर जांच पड़ताल की गई परंतु सफलता हाथ नहीं लग सका सहसों पुलिस के हांथ खाली के खाली ही रह गए। घटना के संबंध में पति राजेश भारतीया बुधवार सुबह भिवंडी महाराष्ट्र से अपने घर पहुंचे उनका कहना है कि मामले में हम लोग भी खोजबीन कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस भी खोजबीन में लगी हुई है। इस संबंध में विवेचना अधिकारी चौकी प्रभारी सहसों शिव प्रताप सिंह का कहना है कि मामले में गहनता से छानबीन की जा रही है। बहुत शीघ्र ही आरोपी की पहचान कर ली जाएगी तथा मामले का खुलासा बहुत ही जल्द हो जाएगा।



### पीड़िता के घर पहुंच भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष ने दिलाया न्याय का भरोसा

**सहसों।** आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गौतम के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष विजय सरोज एवं जिला प्रभारी रत्नेश विश्वकर्मा की अगुवाई में कार्यकर्ता चकिया घरहरा गांव में पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने परिजनों से न्याय दिलवाने का आश्वासन देते हुए कहा कि हम सभी साथी आपके साथ हैं। प्रशासन से बात कर इसका खुलासा करवाया जाएगा। पार्टी के सभी कार्यकर्ता पुलिस चौकी सहसों पर पहुंचकर चौकी इंचार्ज से इस संबंध में बात की। चौकी इंचार्ज ने आश्वासन दिया कि दो-चार दिन में घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। तथा पीड़ित परिवार के साथ पूरा-पूरा न्याय होगा। इस अवसर पर विधानसभा फूलपुर अध्यक्ष अंशुमान वर्मा, विधानसभा हंडिया के प्रभारी पवन कनौजिया, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ मनोज गौतम, भानु प्रताप, रमेश गौतम, राम बहादुर वर्मा, नीरज पासी, सुशील गौतम, राजेश कुमार, रमेश कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## न्यूज झरोखा

### कांवरिया सवार मालवाहक मैजिक अनियंत्रित होकर पलटी आधा दर्जन घायल



**हंडिया।** प्रयागराज के हंडिया थाना क्षेत्र के चकमदा के पास नेशनल हाईवे पर कांवरियों को ले जा रही मालवाहक मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमें सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना के बारे में बता दे की भदोही जनपद के रोही गांव से कांवरिया जल भरने के लिए मालवाहक मैजिक पर 15 लोग सवार होकर प्रयागराज जा रहे थे। जैसे ही चकमदा के पास पहुंचे तो मैजिक का स्टेरिंग फेल हो जाने से मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार आकाश कुमार पुत्र शेषनाथ उम्र 25 वर्ष अमरेश पुत्र तुलसीदास उम्र 19 वर्ष हर्ष तिवारी पुत्र प्रकाश उम्र 22 वर्ष रामनाथ पुत्र बहादुर लाल उम्र 29 वर्ष अरविंद उम्र 24 निवासी रोई जनपद भदोही घायल हो गए। हंडिया पुलिस को जैसे ही सूचना मिली तत्काल मौके पर पहुंच कर थाना प्रभारी हंडिया बृज किशोर गौतम ने एम्बुलेंस से घायलों को ऊपरदहा स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया जहां पर एक की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मणिपुर के निवर्तमान राज्यपाल ने आशीष केसरवानी को स्मृति चिन्ह भेंट कर किया स्वागत



सहसों। सहसों निवासी भारतीय जनता पार्टी गंगापार के जिला कोषाध्यक्ष आशीष केसरवानी को मणिपुर राज्य के राज्यपाल बनाए गए लक्ष्मण आचार्य के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर मणिपुर राजभवन की तरफ से विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में आमंत्रित हुए। प्रसन्नता के साथ जिला कोषाध्यक्ष ने बताया कि यह एक गौरव की बात है कि राज भवन में महामहिम राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य के शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित रहूंगा। शपथ ग्रहण समारोह के मौके पर प्रयागराज की धरती से पहुंचे आशीष केसरवानी को राज्य की निवर्तमान राज्यपाल अनुसुइया उडके ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर मणिपुर के नवागंतुक राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य भी उपस्थित रहे।

### बीईओ बने छात्र तो छात्रा बनी शिक्षिका चलाई पाठशाला एवं किए वृक्षारोपण



प्रयागराज। विकासखंड फूलपुर स्थित संविलियन विद्यालय मुबारकपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी फूलपुर द्वारा निरीक्षण के दौरान अपने विद्यार्थी बनकर बच्चों में से एक छात्रा को शिक्षिका बनाकर सीखने की पाठशाला चलाई। बी0 ई0 ओ0 फूलपुर प्रभाशंकर पांडेय ने छात्र बनकर छात्रजीवन के अनुभव को साझा करते हुए अपने गुरु छात्र सम्बन्ध को बच्चों को बताते हुए शिक्षा के साथ साथ संस्कारिक सम्बन्धों को भी बनाए रखने की बात कही। विद्यालय के भौतिक वातावरण से प्रभावित होकर प्रधानाध्यापक नीरज सिंह एवं विद्यालय के अध्यापक अवधेश त्रिपाठी, अभिषेक मिश्र, रश्मि शर्मा, मंजू, आशादेवी, संगीता की प्रसंशा करते हुए इसे आगे बढ़ाने की बात कही। साथ ही बच्चों को नियमित उपस्थित रहने एवं साफ सफाई बनाए रखने के लिए मार्गदर्शन दिए। कक्षा शिक्षण के दौरान कक्षा छः की छात्रा अंतिमा कुमारी को शिक्षक बनाते हुए अक्षरा पुस्तक का वाचन किया। इस समय वृक्षारोपण कार्यक्रम चल रहा है। वृक्ष मानव जीवन के लिए कितना जरूरी है इसको बताते हुए विद्यालय में वृक्षारोपण भी किए। सभी बच्चों एवं शिक्षकों से अपने अपने माँ के नाम पर एक एक पेड़ लगाकर उसकी रक्षा की करने जिम्मेदारी दी।

### सरकार का बजट आम जनता व किसानों के साथ छलावा : अरूण तिवारी



**करछना।** कांग्रेस जनों की आवश्यक बैठक भाजपा सरकार द्वारा पेश आम बजट को लेकर करछना में डॉ. दिनेश कुमार सोनी सदस्य उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षता में हुई बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी प्रयागराज यमुनापार अध्यक्ष अरूण तिवारी ने कहा कि सरकार द्वारा पेश आम बजट केवल कुर्सी बचाने का बजट है इस बजट में भाजपा सरकार ने देश की जनता किसानों नौजवानों के साथ धोखा किया है देश के प्रधानमंत्री व उनके राग में राग मिलाने वाले मंत्री हताश व निराश हो चुके हैं उन लोगो से मिली हुई हार पराजय नही पच रहा है जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रंगराज सिंह ने कहा कि सत्ता में बैठीं भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है देश के प्रधानमंत्री व उनके मंत्री कब किसको क्या बोल देंगे कब हिन्दू को गाली देंगे कब मुसलमान को गाली दे कर चुनाव में हार की भड़ास निकालेंगे कोई ठीक नहीं हां जनता इन्हें नकार चुकी है आम बजट पर अपना वकतव्य देने वालों में सर्व श्री राम छविले मिश्रा, डॉ. शीतला प्रसाद पाण्डेय, आनन्द शुक्ला उर्फ बब्लू, प्रकाश चन्द्र पाण्डेय एडो०, आशा राम मिश्रा, बृजेश कुमार मिश्रा एडो०, दिनेश चौधरी, आशीष कुमार मिश्र बैठक का संचालन जिला कांग्रेस सचिव नागेश पाण्डेय ने किया।

# करछना ब्लाक में दिव्यांग शिविर में 102 ने कराया रजिस्ट्रेशन



**करछना।** प्रयागराज बुधवार को विकास खंड करछना सभागार में आयोजित दिव्यांग शिविर में दूर दराज से आए दिव्यांग जनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें 102 दिव्यांग जनों ने अपनी विकलांगता का प्रार्थना पत्र देकर रजिस्ट्रेशन दर्ज कराया सुबह से दोपहर तक दिव्यांग शिविर में भीड़ जुटी रही सक्षम अधिकारी एवं डॉक्टर के बीच दिव्यांग जनों ने अपने विकलांगता का परिचय देते हुए आवेदन दर्ज कारण जिसमें 67 दिव्यांग जनों का प्रमाण पत्र भी निर्गत किया गया इस दौरान डॉक्टर मेजर यश कन्हैया डॉक्टर जटाशंकर पटेल डॉक्टर के एन पांडे आदि सहित ब्लॉक कमी एवं शिविर में दिव्यांगजन मौजूद रहे।

# जसरा नवीन सब्जी मंडी में पकड़ी गई गांजा की बड़ी खेप

## उड़ीसा से लाया गया था गांजा, दो पिकअप गाड़ी के साथ तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार, एसटीएफ व पुलिस का साझा ऑपरेशन





**जसरा।** नवीन मंडी स्थल जसरा के सब्जी मंडी में उड़ीसा से लाया हुआ 2 कुंतल से अधिक गांजा की खेप को पुलिस ने पकड़ लिया। जब कि तीन गांजा तस्करों को भी पुलिस ने पकड़ लिया। बुधवार की शाम लगभग 6 बजे नाशपाती की आड़ में गांजा की एक बड़ी खेप उड़ीसा से लाया गया था। मंडी में जब वह एक पिकअप से दूसरे पिकअप में पलट रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर एसटीएफ और घूरपुर की पुलिस ने गांजा सहित तस्करों को दबोच लिया। गांजा को नाशपाती के प्लास्टिक वाले कैरेट में छुपा कर रखा गया था। लगभग 90 कैरेट में दो कुंतल 13 किलो 600 ग्राम गांजा जप्त किया गया। पुलिस दोनों पिकअप वाहनों को अपने साथ घूरपुर थाना ले गई। एसटीएफ की टीम के साथ थाना प्रभारी केशव वर्मा व एसीपी कौंधियारा विवेक यादव भी उपस्थित रहे। पुलिस ने अभी मामले का खुलासा नहीं किया है। लोगों ने बताया कि गांजा की पकड़ी गई यह खेप कोई नई बात नहीं है। इसके पहले भी जसरा मंडी स्थल से फल की आड़ में गांजा की तस्करी होती रही है। लगभग 2वर्ष पूर्व भी गांजा की एक खेप पुलिस पकड़ा था। सूत्रों की मानें तो गांजा की यह खेप उड़ीसा से चलकर पहले छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर लाया गया। उसके बाद पिकअप से अंबिकापुर से नवीन मंडी स्थल जसरा के लिए तस्कर लेकर आए थे। बताते चलें कि अंबिकापुर से जसरा मंडी स्थल पर मिर्चा , खीरा ,कटहल, टमाटर आदि लाया जाता है।लोगों ने बताया कि प्रतिदिन आधा दर्जन पिकअप से सब्जी अंबिकापुर से जसरा मंडी लाई जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी वाहन में सब्जी व फल के बीच में रखकर गांजा की तस्करी की जाती है। जिससे पुलिस भी भांप नहीं पाती है। जसरा व आस पास के गांवों में गांजा की बिक्री जोरों पर है। इससे नव युवक ज्यादातर शिकार हो रहे हैं।

# हर हर महादेव से गूंजा चनेथू, कांवरियों ने किया प्रयागराज प्रस्थान





**जंघई।** सावन शिवरात्रि के अवसर पर कुंदौरा महादेव मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए चनेथू के कांवरिया गाजे बाजे के साथ नाचते गाते हुए गंगाजल एवं कांवर लेने हेतु बुधवार को प्रयागराज प्रस्थान किया। दशा सुमेर घाट प्रयागराज पर गंगा स्नान पूजन अर्चन करने के बाद गंगाजल लेकर कांवर पद यात्रा शुरू होगी। शिवरात्रि तेरस की मध्य रात्रि से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। चनेथू के कांवरियों ने पूजन अर्चन करते हुए बड़ों का आशीर्वाद स्नेह लेकर प्रयागराज प्रस्थान किया इस दौरान हर हर महादेव, बोल बम से चनेथू गांव गुंजायमान हो उठा। कांवरियों में ओमप्रकाश पांडेय दीपक, दीपक पांडेय, राजमणि यादव, मनोज यादव, राजू यादव, प्रदीप मौर्य, आकाश मौर्य, विशाल मौर्य, सुरेश प्रजापति, ओम प्रकाश प्रजापति, अमरनाथ प्रजापति, संदीप, शेषधर, सतीश, राहुल, सूरज, विमलेश, लवकुश, मनीष, सरोज, नीरज, राजेश आदि लोग शामिल रहे।

# मऊआइमा बीआरसी में दिव्यांग बच्चो के अभिभावकों की हुई काउन्सिलिंग



**मऊआइमा।** शासन के मंशा के अनुरूप दिव्यांग बच्चों में नये जोश के साथ शिक्षा के प्रति रुझान पैदा करने एवं उनमें जागरूकता लाने को लेकर चलाई जा रही योजना को मूर्ति रूप देने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र मऊआइमा में समेकित शिक्षा योजना के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की काउंसलिंग हुई। काउंसलिंग में अभिभावकों से अपील की गई की सामान्य बच्चों की तरह दिव्यांग बच्चों को भी नियमित रूप से विद्यालय भेजा जाए,जिससे दिव्यांग बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। काउंसलिंग बैठक में 52 अभिभावकों ने प्रतिभाग किया जहां पर उन्हें स्टेशनरी व स्वल्पाहार दिया गया । पेरेंट्स काउंसिलिंग बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी मऊआइमा विमलेश कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया ।उनके द्वारा अभिभावकों को पाल्यों की समुचित शिक्षा दीक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग छात्र/छात्राओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु अभिभावकों को शिक्षा के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है ।शासन द्वारा दिव्यांग बच्चों हेतु संचालित योजनाओं के लिए अभिभावकों को जानकारी होना आवश्यक है। स्पेशल एजुकेटर आशा मिश्रा, कुसमा द्विवेदी, और अजय कुमार द्वारा दिव्यांगता की पहचान ,कारण ,बचाव के साथ योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।इस अवसर पर राम जी तिवारी, अजीत कुमार, अंकुश कुमार, दिनेश कुमार, मिताली उपस्थित रहे।अंत में खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने विकास खंड से आए हुए सभी अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्राथमिक विद्यालय अल्हवा में ग्राम प्रधान ने मनाया जन्म दिवस

अखंड भारत संदेश

## छात्रों का कराया गया स्वास्थ्य परीक्षण







**कोराव।** प्राथमिक विद्यालय अल्हवा कोरांव में ग्राम प्रधान ने बच्चों संग मनाया जन्म दिवस,और सामुदाइक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव जांच की बी टीम ने उक्त बच्चों का किया विधिवत स्वास्थ्य परीक्षण साथ ही पात्र बच्चों के उपचार हेतु सीएचसी कोरांव शनिवार को बुलाया गया। ग्राम प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने ,31 जुलाई को अपना जन्म दिन सादगी के साथ बच्चों को फल खिला कर व वितरण कर उनकी दुआएं ली। स्वास्थ्य चेकप में मेडिकल अफसर डा सुरेश कुमार,नेत्र परीक्षक मनोज सिंह, स्टाफ नर्स रिचा गौंड,अध्यापक राम बहादुर कोल,आंगन बाड़ी कार्य कार्यकर्ती श्रीमती सोनकली, सफाई कर्मी दीनेस कुमार,आदि उपस्थित रहे। सभी ने ग्राम प्रधान को जन्म दिन की मुबारकबाद भी दी।

# जनपद को सूखा ग्रस्त घोषित करने, व अन्य समस्याओं को लेकर सपा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**प्रयागराज।** जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग को लेकर समाजवादी पार्टी ने आज महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। सपा जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव एवं महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन की संयुक्त अगुवाई में सपा नेताओं पदाधिकारियों ने आज जिला कचहरी में भारी संख्या में उपस्थित होकर उक्त ज्ञापन सौंपा। ए डी एम सिटी ने ज्ञापन लेते हुए आश्वासन दिया कि जिले स्तर की समस्याओं का तत्काल समाधान कराते हुए ज्ञापन राज्यपाल महोदया को भेज दिया जायेगा। सपा द्वारा दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि बरसात बहुत कम होने से खरीफ की फसल पर बुरा असर पड़ा है। कहीं कहीं त तो धान की रोपाई नहीं हो पाई है। जो हुई है वह सूख रहा है। नहरों में पानी नहीं है ।विद्युत आपूर्ति इतनी कम हो रही कि नलकूप बंद पड़े हैं ।जलस्तर नीचे जाने से हैण्डम्प सूखे पड़े हैं। इन्हें रीबोर कराने, शहरी क्षेत्र में टेंकर से पानी सप्लाई करने, नालों की सफाई के साथ ही जगह जगह पड़े कूड़ों के ढेर को हटाने, वायरल बुखार और डायरिया के बढ़ते दुष्प्रेभाव को रोकने के लिये सरकारी अस्पतालों में डाक्टर एवं दवाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई है। पशुओं के टीकाकरण तथा श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ही काँवर यात्रा मार्गो पर यातायात सुरक्षित एवं सुविधा जनक बनाने की मांग की गई है ताकि काँवारियों एवं आम जन मानस को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। ज्ञापन देते समय प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेखार हुसैन, संदीप यादव, रविन्द्र यादव एडवोकेट, राम सुमेर पाल, दान बहादुर मधुर, कुलदीप यादव, इन्दु यादव, मालती यादव, राम अवध पाल, राजबहादुर, नवीन यादव, मुलायम यादव, आसुतोष तिवारी, लल्लन सिंह पटेल, मो हामिद, सऊद अहमद, उत्तम यादव, राजू पाल, जय शंकर रावत, हेमंत, शंकर लाल, धीरेन्द्र यादव,रामधीन मौर्य,आदि उपस्थित रहे।

# भारी बारिश से मुट्ठीगंज में जर्जर मकान का बारजा गिरा, दो घायल





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुट्ठीगंज क्षेत्र के गाजीगंज मंडी मार्ग में स्थित जर्जर मकान का बारजा अचानक गिर गया, जिसमें दो पल्लेदार अतुल जायसवाल एवं राजेंद्र केसरवानी राजू घायल हो गए और दुकानदार नीरज केसरवानी को मामूली चोट आई और उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। उधर रामबाग रेलवे की पुरानी बांउड्री गिरी ई-रिक्शा व कार क्षतिग्रस्त बुधवार को सुबह तेज बारिश के साथ कई जगहों पर जलभराव के साथ पेड़ भी गिरे। रामबाग के मलाकराज के समीप रेलवे की एक पुरानी बांउड्री गिर जाने से वहा पर खड़ी तीन ई- रिक्शा और दो लग्जरी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बारिश में इलाके में बिजली के पोल भी टेढ़े हो गए और तार जमीन पर गिर पड़े जिससे विद्युत आपूर्ति भी ठप हो गई।

## नाला चोक तोड़ी गई पुलिया

**प्रयागराज।** अल्लापुर की 60 फीट रोड स्थित नाले की लंबे समय से सफाई नहीं हुई है। इसकी वजह से नाला चोक हो 'गया है। जलभराव की लगातार शिकायत के बाद खुले स्थानों पर नाले का सफाई कार्य तो शुरू किया गया लेकिन पुलिया तथा कालोनियों के मुहाने पर स्थिति जस की तस की बनी रही।इसकी वजह से हल्की बारिश में भी जलभराव हो जाता है। हालांकि इससे जल्द राहत की उम्मीद है। तीन जगह पर पुलिया को तोड़ा गया है। ताकि, उसकी सफाई कराई जा सके लेकिन इससे आवागमन प्रभावित हो गया है। पार्षद शिवसेवक सिंह ने मंगलवार को नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर पुलियों के निर्माण की मांग की।



## नैनी में बारिश से मौसम हुआ सुहावना, उमस भरी गर्मी से लोगों को मिली राहत

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस के बाद मंगलवार की रात और बुधवार की सुबह हुई झमाझम बारिश से लोगों को राहत मिली है। बुधवार को करीब एक घंटे हुई झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हुआ, वहीं क्षेत्र की सड़कें पानी से भर गईं। बीते कई दिनों भीषण गर्मी, तेज धूप से उमस बढ़ गयी थी। गर्मी से लोग बेहाल हो रहे थे। मंगलवार और बुधवार को हुई तेज बारिश और हवाओं से मौसम सुहावना हो गया। वहीं बारिश के दौरान नालियों के जाम होने के कारण लोगो के घरो और दुकानों में पानी भर गया। जिससे उन्हें काफी परेशानी भी हुई। नैनी पुराने यमुना पुल पर भरा पानी मंगलवार की रात और बुधवार की सुबह तेज बारिश होने की वजह से पुराना यमुना पुल बारिश के पानी से भर गया। पानी भरने के कारण वाहन लेकर निकलने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंगलवार को शुरू हुई बारिश बुधवार को और तेज हो गई। सुबह 10 बजे के बाद झूम कर बादल बरसने लगे। बारिश के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली लेकिन जलभराव मुसीबत बन गया।

## न्यूज झरोखा

### जिलाधिकारी ने मुण्डेरा मण्डी स्थित वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बुधवार को मुण्डेरा स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट का भण्डारण सुरक्षित ढंग से पाया गया। उन्होंने वहां पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, सुरक्षा व्यवस्था तथा बारिस के दृष्टिगत कक्षों की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा उन्होंने वेयर हाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन श्रीमती पूजा मिश्रा, चकबन्दी विभाग के अधिकारी सहित निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव की बैठक संपन्न



**नैनी।** नैनी यमुनापार विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव समिति की एक बैठक श्रमिक बस्ती स्थित गेस्ट हाउस में वरिष्ठ भाजपा नेता महेश मधुकर मंगरूलकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें आगामी सितंबर माह में होने वाले सप्त दिवसीय यमुनापर विशाल सांस्कृतिक गणपति महोत्सव की रूपरेखा तय की गई। बैठक में बोलते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता महेश मधुकर मंगरूलकर ने कहा कि इस बार के गणेश महोत्सव को अत्यंत भव्य बनाना है और इसके लिए हम सबको अपना पूर्ण योगदान देना होगा। कमला स्मारक इंटर कॉलेज के प्रबंधक अनिल विश्वकर्मा ने लोगों के बैठने की व्यवस्था को और बेहतर बनाने की बात कही। पूर्व पार्षद नीलम यादव ने महिला कार्यकताओं का एक कोर ग्रुप बनाने एवं धन संग्रह में सुधार की बात कही। सरदार हरजीत सिंह मारवाह ने कहा कि हमें समिति में नए लोगों को जोड़ना होगा। सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखे। अभिषेक पांडेय ने बैठक का संचालन किया एवं रेखा श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में प्रमुख रूप से महेश मधुकर मंगरूलकर, सुमन पाठक, पूर्व पार्षद नीलम यादव, आर के शुक्ला, अभिषेक पांडेय, जे एन यादव, अनिल विश्वकर्मा, हरजीत सिंह मारवाह, संपूणानंद सिंह, अलका विश्वकर्मा, ममता श्रीवास्तव, उषा पांडेय, पिंकी गुप्ता, मंजू तिवारी, रिंकी गिरी, संगीता पाठक, रेखा श्रीवास्तव, जतिन ठाकुर, आनंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अवैध धर्मातरण पर यह सही दिशा में उठाया गया कदम, सरदार पतविंदर सिंह



**नैनी।** नैनी भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने गैर कानूनी धर्म परिवर्तन निषेध संशोधन विधेयक 2024 उत्तर प्रदेश विधानसभा में पारित होने पर उत्तर प्रदेश सरकार को लख लख बधाइयां दी यह सही दिशा में उठाया गया कदम है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने आगे कहा कि धोखे, कपट, बहला फुसला कर धर्म परिवर्तन की अब कोई हिम्मत जल्दी नहीं करेगा।

## प्रेमिका से बात नहीं होने पर 22 वर्षीय युवक ने जान दी

**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र के उंचवागढ़ी निवासी रितिक कुमार 22 प्रेमिका से बात न होने की वजह से फंदे से लटकर जान दी थी। यह बात मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे उसके परिजनों ने बताया। सोमवार को वह कमरे में फांसी लगाकर जान दे दिया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने शंकरघाट पर उसके शव का अंतिम संस्कार कर दिया।मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे बड़े भाई गौरव ने बताया कि उसका भाई सिविल लाइंस स्थित एक बैंक में काम करता था। सोमवार को वह उसे बाइक से ऑफिस छोड़ने के लिए लेकर गया तो रितिक ने तबीयत खराब होने का हवाला देते हुए. उसे घर छोड़ने की बात कही। उसके बाद वह उसे घर पर लेकर चला गया। उसे छोड़ने के बाद वह अपने काम पर चला गया। थोड़ी देर बाद मां उसे देखने कमरे में गई तो वह फंदे से लटक चुका था। भाई ने बताया कि वह किसी लड़की से फोन पर बात करता था।कई दिनों से उसकी उससे अनबन चल रही थी, जिससे चलते वह उससे बात नहीं कर रही थी। इसी बात से आहत होकर भाई ने जान दे दी।

## आकाशीय बिजली गिरने से छात्र की मौत

**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र के राजपुर में बिजली गिरने से प्रतियोगी छात्र मुन्ना यादव (22) पुत्र राममिलन यादव की मौत हो गई। वह मूलरूप से महराजगंज जनपद स्थित फरेंदा थाना क्षेत्र की रैहा गांव का रहने वाला था। पिछले छह महीने से वह राजापुर में गुलाम हसन के मकान में किराये पर रहकर पढ़ाई कर रहा था। मंगलवार शाम अचानक बारिश शुरू होने पर वह सूखने के लिए फैलाए कपड़े लेने छत पर गया। तभी अचानक बिजली गिरी और वह गंभीर रूप से झुलस गया। उसे बेली अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।मृतक दो भाइयों में बड़ा था और अविवाहित था। उसके पिता दुबई में रहकर काम करते हैं। परिवार में मां शीला देवी हैं। कैंट थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि घर वालों को सूचना दे दी गई है।

## उमड़ा कावरियों का हुजूम तो शास्त्री पुल पर लग गया जाम

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** शास्त्री पुल पर बुधवार की दोपहर कावरियों का ऐसा हुजूम उमड़ा की कावरियों की ही लेन पर जाम लग गया। शास्त्री पुल की उत्तरी लेन पूरी तरह चोक हो गई। जाम में कई एम्बुलेंश भी फस गई। तब कुछ कावरियों ने मोर्चा सम्हाल तब जाकर घंटो बाद लोग निकल सके। तेरस पर सेमरधा धाम के साथ आसपास के शिवालयों में जलभिषेक के लिए बुधवार को कावरियों का जत्था दशाश्वमेध घाट से जल भर कर वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर निकला तो शास्त्री पुल की कावरियों की ही लेन पर जाम लग गया। कुछ देर में दारागंज से झूंसी की ओर तक कावरियों के वाहनों की लंबी कतार लग गई। आफिस छूटने के बाद शहरी भी बाइक लेकर कावरियों की लेन पर आ गए जिसकी वजह से आरक्षित लेन पूरी तरह से चोक हो गई। तभी बीच पुल पर कावरियो का एक ट्रैक्टर बैक होने लगा जिसकी वजह से घंटे भर लोग अपनी जगह से हिल नही सके कई एम्बुलेंश भी जाम में फस गई तब कुछ शिव भक्त जाम खुलवाने के लिए आगे आए तब जाकर कर धीरे धीरे बाइक अपनी जगह से निकलना शुरू हुई। दो घंटे कड़ी मसक्कत के बाद वनगमन सामान्य हुआ।

## सीबीआई बताए कौशाम्बी का अली अब्बास जिंदा है या मर गया, हाईकोर्ट का आदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सीबीआई से 30अगस्त तक रिपोर्ट मांगी है कि कौशाम्बी के गांव जलालपुर घोसी का लापता अली अब्बास जीवित है उसकी मौत हो चुकी है। या वह कहीं अभिरक्षा में है। कोर्ट ने सी बी आई को एक अभियुक्त की जमानत अर्जी में पक्षकार बनाने का आदेश देते हुए अर्जी व आदेश की प्रति सीबीआई के अधिवक्ता को देने का भी निबंधक अनुपालन को आदेश दिया है।पुलिस ने कपड़े की बरामदगी के आधार पर बिना लाश बरामद किए हत्या के आरोप में चार्जशीट दाखिल की है और केस डायरी में एक पर्चे में यह भी लिखा है कि कथित मृतक अली अब्बास दुबई में अपने मामा के घर में रह रहा है। इसपर कोर्ट ने सीबीआई से कहा पता करें अली अब्बास वास्तव में जिंदा है या मर चुका। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने गुड्डू पासी व अन्य की जमानत अर्जी की सुनवाई करते हुए दिया है।

### न्यायालय के आदेश पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दहेज में अतिरिक्त दो लाख रुपए न मिलने पर विवाहिता ने ससुरालियों पर न्यायालय के आदेश पर पति सहित आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर खास गांव निवासिनी रूबी केसरवानी पुत्री राजीव केसरवानी की शादी 2022में थाना उतरांव में हुआ था। रूबी का आरोप है कि शादी के बाद से दहेज में दो लाख रुपए की अतिरिक्त फरमाइश ससुरालियों द्वारा किया जा रहा था। मांग न पूरी होने पर नाना प्रकार का उत्पीडन किया जाता था। तथा उसे मार पीट कर भगा दिया गया।रूबी का आरोप है कि कहीं सुनवाई न होने पर वह न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने पति प्रदीप कुमार,ससुर सूरज कुमार,देवर सचिन,ननद गुडिया,तथा परिवार की वर्षा और मौसी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दी है।

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

मुख्य विकास अधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के तहत प्रोत्साहन धनराशि के भुगतान व फीडिंग कार्य में लापरवाही व उदासीनता बरतने पर बहादुरपुर, हण्डिया व रामनगर के प्रभारी चिकित्साधिकारियों का वेतन रोकने के दिए निर्देश

सभी सीएचसी/पीएचसी पर दवाओं की उपलब्धता व स्टॉक रजिस्टर को अद्यतन बनाये रखने के दिए निर्देश

आकांक्षात्मक ब्लाक कोरांव व बहरिया में सम्पूर्णता अभियान के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग के लक्ष्यों को समय से प्राप्त करते हुए उन्हें शत-प्रतिशत संतृप्त किए जाने के लिए कहा



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम, संचारी रोग नियंत्रण, मंत्रा पोर्टल पर प्रसव की इंट्री, ई-कवच एप, आयुष्मान योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण एवं अपडेशन के कार्यों सहित स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के प्रगति की विस्तार से समीक्षा की।मुख्य विकास अधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के तहत प्रोत्साहन धनराशि के भुगतान व फीडिंग कार्य में लापरवाही व उदासीनता बरतने पर बहादुरपुर, हण्डिया व रामनगर के प्रभारी चिकित्साधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यो में लापरवाही बरतने वाले प्रभारी चिकित्साधिकारियों के विरूद्ध तथ्यात्मक रिपोर्ट बनाकर आरोप पत्र प्रेषित करने के लिए कहा है। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कौड़िहार के प्रभारी चिकित्साधिकारी के द्वारा डब्लू0एच0ओ0 के इम्युनाइजेशन सेशन कार्यक्रम आयोजित न किए जाने पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।मुख्य विकास अधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संस्थागत प्रसव को बढ़ाये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने और प्रोत्साहन धनराशि का समय से भुगतान व उसकी फीडिंग कराये जाना सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने डफरिन हॉस्पिटल, भगवतपुर, बहरिया एवं धनूपुर के सम्बंधित चिकित्साधिकारियों से विगत वर्ष में इस माह के सापेक्ष इस वर्ष के संस्थागत प्रसवों में हुई कमी के कारणों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि डाटा फीडिंग का कार्य किसी भी स्थिति में लम्बित न रहे। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के चिन्हीकरण एवं रजिस्टेज्शन में लापरवाही करने वाली एएनएम के विरूद्ध कार्रवाही किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का चिन्हीकरण करते हुए उनका शत-प्रतिशत रजिस्टेशन सुनिश्चित किया जाये।मुख्य विकास अधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को शिक्षा विभाग के सहयोग व समन्वय से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत समुदाय जागरूकता कार्यक्रमों व अन्य गतिविधियों का आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी सीएचसी/पीएचसी पर दवाओं की उपलब्धता बनाये रखने व दवाओं के स्टॉक रजिस्टर को अद्यतन बनाये रखने के लिए निर्देशित किया है।मुख्य विकास अधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रगति की समीक्षा करते हुए अभी तक जनपद के कितने कार्ड बन चुके है तथा कितने लोगो ने इसका प्रयोग किया है, की जानकारी ली। उन्होंने आशाओं के भुगतान के बारे में जानकारी लेते हुए उनके भुगतान को समय से किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने ई-कवच एप पर फीडिंग की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को स्वयं फीडिंग की कार्यवाही का नियमित अनुश्रवण करने व फीडिंग का कार्य समय से सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों को आकांक्षात्मक ब्लाक कोरांव व बहरिया में सम्पूर्णता अभियान के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग के लक्ष्यों को समय से प्राप्त करते हुए उन्हें शत-प्रतिशत संतृप्त किए जाने के लिए कहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्सा अधीक्षकों को ब्लाक की रिव्यू मीटिंग में स्वयं रहकर आशा कार्यकत्रियों के कार्यो की मानीटरिंग करने के लिए कहा है। उन्होंने आंगनबाड़ियों को हेल्थ इंडीकेटर, इंफैंटोमीटर, वेइंग मशीन व अन्य मशीनों पर कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किए जाने के लिए कहा है।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आशु पाण्डेय, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों सहित प्रभारी चिकित्सा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद के बयान व आपराधिक इतिहास को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के द्वारा हाल ही में दिए गए बयान के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता मंजेश कुमार यादव ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जिसमें कहा गया है कि केशव ने संवैधानिक पद पर रहते हुए 14 जुलाई को एक सार्वजनिक तौर पर बयान जारी किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि सरकार से बड़ा पार्टी का संगठन होता है। उनका यह बयान संवैधानिक पद की गरिमा और सरकार की पारदर्शिता और शुचिता पर सवालिया निशान खड़े करता है।इस बयान का न अब तक भाजपा ने खंडन किया और न ही राज्यपाल और चुनाव आयोग ने ही कोई प्रतिक्रिया जाहिर की है, जो कि एक गंभीर मामला है। इसके अलावा अधिवक्ता ने केशव के आपराधिक इतिहास का भी जिक्र किया है। याचिका में कहा है कि केशव प्रसाद के विरुद्ध उप मुख्यमंत्री बनने से पहले सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिर भी इनकी नियुक्ति संवैधानक पद पर की गई है जो कि गलत है।

## पूर्व आईजी के घर लाखों की चोरी

**प्रयागराज।** टैगोर टाउन में रिटायर पूर्व आईजी के सूने घर में ग्रिल उखाड़कर चोर 50 हजार रुपये समेत लाखों के जेवर उठा ले गए। जार्जटाउन पुलिस ने केस दर्ज किया। टैगोर टाउन में एलआईसी कॉलोनी निवासी अरविंद कुमार उपाध्याय पुलिस महकमे में आईजी के पद से रिटायर हुए थे। कोरोना काल में उनकी मौत हो गई। घर में उनकी पत्नी विनोदनी उपाध्याय रहती हैं। सोमवार को वह अल्लापुर में रहने वाली मेडिकल अफसर बेटी के घर रुद्राभिषेक में चली गई। रात में बेटी के घर ही रुक गई। मंगलवार सुबह घर लौटीं तो ग्रिल उखड़ी देख सन्न रह गई। बताया जा रहा है कि चोर लगभग 50 हजार रुपये नकद, हीरे, सोने के जेवर और चांदी के लगभग सौ सिक्के भी ले गए। हालांकि क्या-क्या सामान चोरी हुआ है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। लेकिन माना जा रहा है कि एक करोड़ से अधिक का आभूषण चोरी हुआ।

## कैंट थाने में तैनात मुख्य आरक्षी को साइबर शातिरों ने लगाई चपत

**प्रयागराज।** साइबर शातिरों ने पुलिस महकमे के एक हेड कांस्टेबल को एक लाख रुपये की चपत लगा दी। कैंट पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। कैंट थाने में तैनात मुख्य आरक्षी कमलेश गौड़ लीवर की बीमारी से परेशान हैं। उन्होंने तहरीर दी है कि वह डॉ. मोहित गुप्ता को दिखाने के लिए गूगल से क्लीनिक का नंबर सर्च किया। कॉल करने पर शातिर ने क्लीनिक का कर्मचारी बताया और लिंक भेजा। बोला कि एक रुपये भेजकर लिंक पर विवरण भर दीजिए। 20 जुलाई को डॉक्टर को दिखा दीजिए। कमलेश ने दूसरे डॉक्टर को दिखा दिया। 21 जुलाई को फिर कॉल आई और कहा कि आए नहीं। बुकिंग निरस्त करने के लिए एक रुपये फिर भेजने के लिए कहा। भेजने के बाद कमलेश के खाते से तीन बार में 1.02 लाख रुपये कट गए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पुरैनी, वि. ख. करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2024-25 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक : 31.07.2024

ग्राम पंचायत **पुरैनी** में वित्तीय वर्ष 2024–25 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **पुरैनी** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 01–08–2024 से दिनांक 14–08–2024 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं । नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 15–08–2024 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 15–08–2024 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | रमेश पाण्डेय के खेत से प्राथमिक विद्यालय हाशिमपुर दीवार के पूर्वी छोर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य 105x3 मीटर | 3.92 लाख | 3 माह |
| 2. | मुख्य सड़क से महावीर के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य 125x3 मीटर | 4.89 लाख | 3 माह |

श्रीमती मंजू पांडेय
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पुरैनी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

कमल सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत पुरैनी
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## बारिश से खिले किसानों के चेहरे

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी तहसील क्षेत्र में बारिश के मौसम में भी बरसात न होने के चलते किसान काफी समस्याओं से जूझ रहे थे। सुबह से ही बारिश होने से किसानों के चेहरे पर खुशी झलकने लगी। बता दें की तहसील क्षेत्र में बुधवार की सुबह से बारिश होने के चलते किसानों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। ग्रामीण अंचलों में किसान धान की रोपाई तो कर दिए हैं। लेकिन बारिश न होने की वजह से किसानों के चेहरे पर उदासीनता झलक रही थी। फिलहाल सुबह से ही बारिश हो रही है जिससे किसान काफी खुश नजर आ रहे हैं। गांव के रहने वाले किसान रमाशंकर का कहना है कि ग्रामीण अंचलों में धान की रोपाई हुई है अगर बारिश नहीं होगी तो धान के पैदावार में काफी कमी हो सकती है।

# भाजपा नेता अनुराग ठाकुर का कांग्रेसियों ने फूंका पुतला

### लोकसभा में राहुल और अनुराग ठाकुर के बीच हुए नोंकझोंक से मामला गरमाया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भाजपा नेता अनुराग ठाकुर द्वारा राहुल गांधी के विरुद्ध अपशब्द कहे जाने को लेकर बुधवार को आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में भाजपा नेता अनुराग ठाकुर का पुतला फूंककर अपना रोष जताया।

जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा कि देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले गांधी परिवार के राहुल गांधी से उनकी जाति पूछकर अनुराग ठाकुर ने देश का अपमान किया है। उन्हें सदन के साथ साथ देश से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेमशंकर द्विवेदी व नगर अध्यक्ष इरफान अली ने संयुक्त रूप से कहा कि अनुराग ठाकुर पहली बार अपशब्द नहीं कहे हैं, उन्होंने पहले भी कई बार अपशब्द कहा है। भाजपा को इनकी भाषा व जुबान पर लगाम लगानी चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, सुरेश कुमार सरोज, सदर ब्लॉक प्रभारी मो. वसीम, राधेश्याम दूबे, ब्लॉक अध्यक्ष सुभाष तिवारी, बेलाल अहमद, फतेह बहादुर सिंह, रवि प्रताप सिंह, पृथ्वीराज गौतम, मकसूद अली, रियाज समाजसेवी, मो.सईद, साहिल, विनय मिश्रा सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।



भाजपा नेता अनुराग ठाकुर का पुतला फूंकते कांग्रेसी।

## आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह निवासी सोहनलाल पटवा के बेटे रिंकू (25) वर्ष की आज आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह निवासी सोहनलाल पटवा का मझला बेटा रिंकू आज दोपहर हुई बरसात के समय घर की छत पर भर रहे पानी को निकालने के लिए गया था अचानक तेज गरज के साथ बिजली चमकी और वह उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दैवीय आपदा में हुई दर्दनाक घटना की जानकारी होते ही भारी भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रिंकू बाजार में ही अपने दो भाइयों के साथ रेडीमेड गारमेंट के धंधे में सहयोग करता है। अचानक उसकी मौत से पूरे कस्बे में मातम पसर गया है। और परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है।



रिंकू पटवा (फाइल फोटो)।

## मासूम को पीट कर हाथ तोड़ा, तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** मजदूरी के लिए बुलाने पर नहीं जाना मासूम को महंगा पड़ गया। दबंगों ने लात-घूंसों से पिटाई कर मासूम का हाथ तोड़ दिया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। कोतवाली क्षेत्र के डेईडीह धौरहरा गांव के रहने वाले राजेश कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके गांव के एक व्यक्ति द्वारा फोन कर मजदूरी के लिए बुलाया गया था। जब वह मजदूरी करने नहीं गया तो उसे लात-घूसे से जमकर मारा पीटा गया जिससे उसका दाहिना हाथ टूट गया। आरोप है कि पिटाई के दौरान उसे जान से मार देने की धमकी दी गई। पीड़ित परिजनों संग शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचा और पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मेडिकल को भेज मामले की जांच में जुटी हुई है।

## उडैयाडीह से शिव भक्तों का जत्था प्रयागराज को हुआ रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सावन के पावन मास में भोले बाबा को जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल लाने प्रयागराज के लिए कांवरियों का एक जत्था बुधवार को उडैयाडीह बाजार से रवाना हुआ। यह कांवरिया पौराणिक स्थल बाबा बेलखरनाथ धाम में पवित्र गंगाजल लाकर जलाभिषेक करेंगे। इस दौरान पट्टी कोतवाली के एसआई अंतर सिंह, राजेश कुमार व ग्राम प्रधान अरुण कुमार सोनी ने कांवरियों का स्वागत करते हुए जलपान की व्यवस्था की। इस दौरान पट्टी कोतवाली के हल्का सिपाही गुलशन यादव, सत्यम शर्मा, रमा, रतन मिश्रा सहित बाजार के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



कांवरियों को सामान देकर रवाना करते एसआई अंतर सिंह।

# मुंशी प्रेमचंद ने अपने लेखन का शुभारंभ जीआईसी से किया: रत्न

### पांच वर्षों तक डिस्टिक्ट स्कूल (अब जीआईसी) में पढ़ाये थे मुंशी प्रेमचंद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर सृजना साहित्यिक संस्था उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आज राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के परिसर में स्थापित मुंशी प्रेमचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। गौरतलब है कि मुंशी प्रेमचंद सन 1900 से जनवरी 1905 तक बेल्हा के डिस्टिक्ट स्कूल में रहे जो बाद में उच्चीकृत होकर जीआईसी बना।

माल्यार्पण के पश्चात जीआईसी सभागार में आयोजित संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार एवं पूर्व बाल न्यायाधीश डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने मुंशी प्रेमचंद के प्रतापगढ़ प्रवास के दिनों को याद करते हुए कहा कि प्रेमचंद ने अपने लेखन का श्री गणेश इसी जनपद से किया। यहां के परिवेश से उनको लेखन हेतु बहुत सारी विषय वस्तु मिली। यहां के ग्रामीण जनजीवन को उन्होंने अपने कथा लेखन में संजोया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जीआईसी के प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी ने कहा कि मुंशी प्रेमचंद ताला गांव के तालुकेदार के यहां रहते थे। यहां के समाज से शब्दों का चयन करने के साथ-साथ आर्थिक, सामाजिक स्थिति व विसंगतियो पर उन्होंने खूब लिखा। अति विशिष्ट अतिथि एलायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि उनकी मूर्ति पर छतरी बनाने में क्लब सहयोग करेगा। कॉलेज के पुस्तकालय व सभागार का नाम उनके नाम पर होना चाहिए। प्रतापगढ़ से प्रेमचंद का नाम जुड़ना गौरव की बात है। इस अवसर पर अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा, राजीव कुमार आर्य, संतोष कुमार मिश्र अशोक कुमार मौर्य, अभिषेक तिवारी, कुंज बिहारी लाल मौर्य काकाश्री, श्रीनाथ मौर्य सरस, राधेश्याम दीवाना, नंदलाल सरोज सहित साहित्यकार तथा शिक्षकगण उपस्थित रहे। संचालन कथाकार प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम ने किया।



मुंशी प्रेमचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते संस्था के पदाधिकारी।

## बिजली की मनमानी कटौती से आक्रोश, मुख्यमंत्री से की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बिजली में मनमानी कटौती का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री समेत आला अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर समस्या के शीघ्र निदान की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि रानीगंज अजगरा विद्युत उपकेंद्र से पांच फीडरों से विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था बनायी गयी है। जिसमें एक बढ़नी फीडर भी है। गांव के प्रशान्त सिंह, सुधीर सिंह, मुन्ना सिंह, धीरेन्द्र यादव, भगवती प्रसाद सिंह, आलोक, अभिषेक सिंह आदि का आरोप है कि बढ़नी फीडर से जुड़े आधा दर्जन गांव को महज एक से दो घंटे बिजली मिल पा रही है। इससे ग्रामीणों में पीने के पानी की समस्या के साथ ही किसानों को सिंचाई व अन्य घरेलू समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मामले में शिकायत पर जिम्मेदार अफसरों व कर्मचारियों का या तो फोन नहीं रिसीव होता है या तो संतोषजनक जबाब नही मिलता है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विद्युत उपकेंद्र पर अराजकतत्वों का भी जमावड़ा रहता है जो शिकायत करने गये ग्रामीणों के साथ आये दिन अभद्रता भी करते रहते हैं। ग्रामीणों ने समस्या के शीघ्र निदान की मांग की है।

# शिवमहापुराण की कथा से होता है आध्यात्मिक चेतना का संचार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पौराणिक शिवस्थली बाबा घुइसरनाथ धाम में हो रही नौ दिवसीय संगीतमयी शिवमहापुराण कथा का मंगलवार को देर शाम समापन हुआ।

शिवमहापुराण की कथा को लेकर कथाव्यास मनीष कृष्ण शास्त्री ने कहा कि इस कथा का मूल उददेश्य आध्यात्मिक चेतना का संचार करना है। कथा व्यास ने कहा कि भगवान शिव की आराधना से मानव चित्त शान्त होता है और आध्यात्म के प्रति चेतना जागृत होती है। सावन मास में भगवान शिव का जलाभिषेक करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। कथा समापन के बाद कथाव्यास मनीष कृष्ण शास्त्री ने आयोजन समिति की तरफ से समाज के प्रबुद्धजनों को भगवान शिव की प्रतिमा, रूद्राक्ष की माला व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केदारनाथ मिश्र, कैलाशपति मिश्र, अधिवक्ता विकास मिश्र, शैलेन्द्र मिश्र, व्यापारमण्डल अध्यक्ष अखिलेश मिश्र आदि ने शिवपुराण कथा को लेकर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के संयोजक हृदय नारायण मिश्र ने लोगों का आभार जताया। इस मौके पर फूलचंद्र पाण्डेय, पूर्व प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय, प्रधानाचार्य राजकरन शुक्ल, राजकुमार तिवारी, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, रामप्रताप मिश्र, आदित्य नारायण मिश्र, रामशिरोमणि पाण्डेय, प्रताप नारायण मिश्र, राघवेन्द्र मिश्र, मनीष मिश्र, सुधांशु सिंह, सुरेन्द्र त्रिपाठी, शक्ती सिंह, पवन शुक्ल, मान सिंह, कैलाशपति मिश्र, कल्लू मिश्र, नन्हें नगरहा, बसंत सिंह, मनोज तिवारी, बब्बन मिश्र, पवन मिश्र आदि मौजूद रहे।



शिवमहापुराण की कथा सुनाते कथाव्यास मनीष कृष्ण शास्त्री।

## भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से लोग परेशान, ग्रामीण अंचलों में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र में इन दिनों अघोषित विद्युत कटौती से लोग जहां गर्मी से बेहाल हो रहे हैं। जिससे लोग भीषण गर्मी से जूझ रहे हैं। वहीं रात होने के बाद ग्रामीण अंचलों में साफ सफाई न होने के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है।

बता दे की ग्रामीण अंचलों में जहां 20 घंटा बिजली आपूर्ति की व्यवस्था थी, लेकिन भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से लोग जूझ रहे हैं। वहीं ग्रामीण अंचलों में सफाई कर्मी तो नियुक्त है, लेकिन सफाई कर्मी ग्रामीण अंचलों में नहीं आते हैं जिससे मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि लोगों की रातों की नींद हराम हो गई है। गांव के रहने वाले अवधेश सिंह ने बताया कि इन दिनों विद्युत विभाग द्वारा विद्युत कटौती से लोगों को काफी परेशानी हो रही है और ग्रामीण अंचलों में सफाई कर्मी ना आने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। और दवा का छिड़काव भी नहीं हुआ है। मामले में विद्युत विभाग के एसडीओ एसपी प्रसाद से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि ऊपर से विद्युत कटौती हो रही है जिससे ग्रामीण अंचलों में पर्याप्त विद्युत सप्लाई नहीं हो पा रही है।

# नगर पालिका के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई विदाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका परिषद बेल्हा के अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में सेवानिवृत हो रहे।

पालिका कर्मचारियों मिथिलेश सिंह लिपिक, अशोक कुमार शुक्ला लिपिक, श्याम बिहारी पंप ऑपरेटर, सुंदर, गुड़िया, शांति, सफाई कर्मचारी के विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें सभापति यादव अवर अभियंता जल, अनिल जायसवाल अवर अभियंता, संतोष कुमार सिंह सफाई निरीक्षक, लाल बहादुर, राजेश कुमार बिंद राजस्व निरीक्षक, रमेश मौर्य, राकेश एवं अन्य पालिका अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान राकेश कुमार ने कहा कि इन सभी कर्मचारियों का व्यवहार बहुत ही सरल था। इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भी अपने-अपने विचार रखे।



सेवानिवृत्त कर्मचारियों को विदाई देते ईओ।

## आमने-सामने टकराई कार, एक गंभीर रूप से घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी-प्रतापगढ़ मार्ग पर दो कर में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक को गंभीर रूप से चोटें आई हैं जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया है। बता दें बुधवार सुबह लगभग 10.30 बजे कंधई थाना क्षेत्र अंतर्गत वीरमऊ माधव ताज पेट्रोल पंप के सामने टाटा इंडिका कार व वैगनार गाड़ी में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो वैगनआर कार पट्टी की तरफ जा रही थी और टाटा इंडिका प्रतापगढ़ की ओर आ रही थी तभी अनियंत्रित होकर आमने सामने भिड़त हो गई। हादसे में वैगनआर कार में बैठे 4 लोगों में एक व्यक्ति वरुण पाठक के सर में चोटें आई है, बाकी बाल-बाल बच गए। वहीं टाटा इंडिका सवार दोनों लोग सुरक्षित है। टाटा इंडिका कार सवार रियाकत अली निवासी जगदीशगढ़ थाना क्षेत्र कंधई निवासी बताया जा रहा है। जबकि वैगनआर गाड़ी बनारस के भदोही से चलकर पट्टी जा रही थी। गाड़ी में सवार सभी लोग जलजीवन मिशन के काम से पट्टी ब्लॉक जा रहे थे तभी गाड़ी दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। सूचना पर मौके पर दीवानगंज चैकी पुलिस पहुचकर घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 सितम्बर को

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला सुमित पंवार ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतापगढ़ के तत्वावधान में व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के कुशल मार्गदर्शन में 14 सितम्बर 2024 दिन शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से जनपद न्यायालय के साथ साथ सम्पूर्ण जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेष रूप से बैंक के लम्बित मामले प्री0 लिटिगेशन स्तर पर निस्तारित किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त आपराधिक शमनीय वाद, एन0आई0एक्ट की धारा 138 के वाद, बैंक वसूली. मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, पारिवारिक वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, राजस्व दाखिल खारिज, वरासत, खतौनी व बेदखली, चकबन्दी, श्रम, स्टैम्प आदि अन्य मामलों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। उन्होने समस्त वादकारियों व अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे जनपद न्यायालय प्रतापगढ़, परिवार न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, स्थायी लोक अदालत. उपभोक्ता फोरम, कलेक्ट्रेट न्यायालयों, तहसीलों, व खण्ड विकास कार्यालयों, नगर पंचायत कार्यालयों, बिजली से सम्बन्धित मामले, ई. चालानी से सम्बन्धित मामले, बाट माप से सम्बन्धित मामले, खनन से संबंधित मामले व जनपद के अन्य न्यायालयों अथवा विभागों में लम्बित मामलों को सुलभ समझौते से निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत को सन्दर्भित करायें। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जायेंगे। लोक अदालत मामलों के निस्तारण का सर्वोत्तम माध्यम है, जिसमें धन और समय दोनों की बचत होती है एवं इसमे न तो किसी पक्ष की हार होती है और न ही जीत होती है तथा मामले त्वरित गति से निस्तारित होते है। उन्होने सभी वादकारियों व अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे अपने मामलों के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 14.09.2024 में अपने मामलों को सन्दर्भित करायें व अपने मामले का निस्तारण करवायें तथा जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों सके।

# सेल्समैन की झूठी रिपोर्ट का पर्दाफाश कर पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार, सवा लाख रुपये बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के चकिया स्थित एक पेट्रोल पम्प के सेल्स मैन ने आनलाइन सट्टा में लाखों रुपया हार जाने के बाद दो लाख रुपये की लूट की झूठी खबर फैलाकर सनसनी फैला दी थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार घटना स्थल पर पहुंच गये।

पुलिस ने पेट्रोल पम्प के सेल्समैन से कड़ी पूछताछ में लूट की कथित घटना का मात्र चार घंटे में पर्दाफाश कर दिया। कुण्डा पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर एक लाख 25 हजार रुपये बरामद कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सेल्समैन ने लूट की झूठी खबर प्रसारित कराई थी लेकिन एसपी के निर्देशन में कुण्डा पुलिस ने सेल्समैन से कड़ी पूछताछ कर घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस की इस कामयाबी पर पुलिस अधीक्षक ने कुण्डा पुलिस को फर्जी लूट का पर्दाफाश करने पर 25 हजार रुपये ईनाम देने की घोषणा की।

## पुलिस मुठभेड़ में लुटेरे के पैर में लगी गोली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के सहजनी गांव के पास पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ हो गई जिसमें मुठभेड़ के दौरान लुटेरे अमन कश्यप के पैर में गोली गई। इलाज के लिये उसे कुंडा सीएचसी में भर्ती कराया गया। बाकी दो लुटेरे पुलिस को चकमा देकर फरार हो गये जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। बता दें कि बीती रात महिला टाइनी शाखा संचालक से लुटेरों ने लूट का प्रयास किया था। नाकाम होने पर लुटेरे फायरिंग करते हुए भाग निकले थे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिस पर पुलिस एक्टिव हो गई और 12 घंटे के भीतर पुलिस ने मुठभेड़ कर लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया।

## ट्रक मालिक ने ही रची थी लूट की साजिश, पुलिस ने किया खुलासा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दिलीपपुर के रसोइयां में बेहोश मिले ट्रक मालिक के साथ लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने एक बदमाश को तमंचे व लूटे गए ट्रक के साथ गेहूं की 50 बोरियां भी बरामद कीं।

ट्रक मालिक समेत छह बदमाश फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। जेठवारा के कुटिलिया निवासी इरफान 25 जुलाई की सुबह रसोइयां में बेहोश मिला था। पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही थी।

सोमवार रात देवनमऊ गांव के करीब पुलिस ने बेहोश मिले चालक के ट्रक के साथ बदमाशों की मौजूदगी की खबर पर छापा मारा। पुलिस को देख दो बदमाश भाग निकले। नगर कोतवाली के गोपालापुर निवासी कुलदीप सिंह को पुलिस ने पकड़ लिया। उसके पास से तमंचा, कारतूस और ट्रक संग 50 बोरी गेहूं बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि ट्रक मालिक इरफान अपने गांव के ही इम्तियाज उर्फ कल्लू, जौनपुर के रामपुर जमालापुर निवासी रवि सिंह उर्फ रामसमुझ, मड़ियाहू के सुभाषपुर पाली के रहने वाले बंटी तिवारी, पूर्वी सहोदरपुर निवासी शमशाद, दिलीपपुर के मिसिद्दीपुर निवासी बृजेश शर्मा उर्फ पिंटू के साथ मिलकर कुंडा बाबूगंज से शितांशु गुप्ता के गोदाम से हैदराबाद के लिए ट्रक पर लदे 500 गेहूं की बोरी को गबन करने की योजना बनाई थी।

हैदराबाद जाने के बजाय इरफान ट्रक लेकर घर चला आया। गेहूं की कुछ बोरियां अपने घर उतार दी। दो दिन रुकने के बाद वह साथियों से बातचीत कर ट्रक लेकर घर से निकला। भुपियामऊ में इरफान को उतारकर दूसरे साथी ट्रक लेकर जौनपुर चले गए। इधर, दो साथी बुलेट से इरफान को लेकर रसोइयां पहुंचे। वहां उसे लिटाकर चले गए। जौनपुर में एक गोदाम में गेहूं उतारते समय। ग्रामीणों के विरोध पर बदमाशों को ट्रक लेकर भागना पड़ा। घटना का खुलासा करने पर एसपी डॉ. अनिल कुमार ने पुलिस टीम को 2500 रुपये पुरस्कार दिया है।

# आक्रोशित कांग्रेसियों ने की जमकर नारे बाजी धरना प्रदर्शन सभा कर फूंका पुतला

अखंड भारत संदेश

**भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के राहुल गांधी की जाति पूछ लेने से भड़के कांग्रेसी**

**कांग्रेसियों ने कहा कि अनुराग ठाकुर मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं जिनको ठीक करना कांग्रेस के कार्यकताओं को आता है**




**कौशाम्बी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के विरुद्ध भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा अभद्र टिप्पणी के बाद भड़के कांग्रेसियों ने नगर पालिका परिषद भरवारी के रोही बाईपास के पास धरना प्रदर्शन नारेबाजी कर भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर का पुतला फूंका गया है अनुराग ठाकुर द्वारा सदन में नेता प्रतिपक्ष लोकसभा राहुल गांधी को आशब्द कहने के विरोध में भड़के कौशांबी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय के नेतृत्व में एकत्रित कांग्रेसियों ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर का पुतला दहन कर भाजपा के भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया इस मौके पर बोलते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पांडेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को जिस प्रकार से भाजपा के नेता द्वारा अपमानजनक शब्द बोला गया है वह निश्चित ही निंदनीय है भाजपा के नेताओं को यह पता नहीं है कि गांधी परिवार के दो अनमोल रत्नों ने इस देश को अपना लहू दिया है उन्होंने कहा कि आप उस इंसान से उसकी जाति पूछ रहे हैं उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता देश का हरदम अपमान किए हैं ऐसे भ्रष्ट नेताओं का मैं और कांग्रेस विरोध करती है और अपने नेता के समर्थन में हमेशा खड़ा रहूंगा। इस मौके में एनएसयूआई छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी 'आजाद' ने कहा कि भाजपा के नेता अनुराग ठाकुर और भाजपा के लोग इस देश का सम्मान नहीं करते हैं नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के बारे में इस तरह का विरोध भाषा शब्द कहना बेहद शर्म की बात है हम सभी कौशांबी कांग्रेस जन एवं छात्र, युवा इस अपमान को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर मानसिक रूप से बीमार हो गए हैं जिनको ठीक करना कांग्रेस के कार्यकताओं को आता है। इस मौके पर बोलते हुए युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी ने कहा कि भाजपा के नेता अनुराग ठाकुर सबसे भ्रष्ट नेता हैं वह अपनी कुर्सी तो बचा नहीं पाए और चले हैं देश के नेता के बारे में अपमानजनक शब्द बोलने यह बहुत ही शर्म की बात है जिसका हम सभी युवा कांग्रेस के साथी पुरजोर विरोध करते हैं आदिल जाफरी सम्मु ने भाजपा के नेता अनुराग ठाकुर को तुच्छ मानसिकता का बताया पुतला दहन कार्यक्रम में आदिल जाफरी उर्फ सम्मु ,सेवादल जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ला, उदय यादव प्रदेश सचिव सोशल मीडिया मोहम्मद शाहरुख, निक्की पांडेय, गुरुत जमा , फौजिया अब्बान, समर कोईलाह वीरेंद्र पासी, राम किशोर रैदास, विजय अग्निहोत्री, लखन कोरी, जग मोहन सिंह सहित लगभग दर्जनों की संख्या मे कॉग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खेत में पौधा लगाने से नाराज दबंगों ने कुल्हाड़ी से किया वार वृद्ध घायल

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र में वृद्ध को अपने ही खेत में पेड़ लगाना महंगा पड़ गया, एक तरफ योगी सरकार घर-घर पेड़ लगाने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। कहीं मां के नाम से एक पेड़ तो कहीं जीवन रक्षा के नाम से पेड़ लगाने की अपील सरकार कर रही है वही अपने ही खेत में एक वृद्ध ने जामुन के पेड़ का तीन पौधा रोपण किया जिसको गांव के ही कुछ दबंगों ने जलन वस उखाड़ कर फेंक दिया। मामले की शिकायत लेकर जब परिजन के पास पहुंचा तो दबंग आग बबूला होकर गाली गलौज करते हुए कुल्हाड़ी से वार कर दिया। जिससे वृद्ध घायल हो गया घायल को अस्पताल ले जाया गया जहां पर वृद्ध का उपचार किया गया। वृद्ध ने मामले की शिकायत थाने में की है पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। करारी थाना क्षेत्र के नसरुल्लापुर गांव निवासी छोटेलाल पुत्र बदी प्रसाद लोधी राजपूत ने बताया कि वह अपने खेत में तीन पेड़ जामुन का पौधा रोपण किया वही गांव के रहने वाले दबंग किस्म के मान सिंह व श्रवण सिंह लोधी राजपूत पुत्र जागेश्वर ने मंगलवार को पेड़ उखाड़ कर फेंक दिया जब बुधवार की सुबह वह उलाहना देने गया तो गालियां देते हुए लाठी डंडा कुल्हाड़ी से वार कर दिया जिससे बृद्ध छोटेलाल के हाथ में कुल्हाड़ी लग गई और वह घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया हालांकि बताया जा रहा है कि वृद्ध की हालत में सुधार है करारी थाना पुलिस तहरीर प्राप्त कर छानबीन में जुट गई है।

## न्यूज झरोखा

### डायरिया से पीड़ित 4 लोगों को डॉक्टरों ने भेजा जिला अस्पताल



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 3 शांती नगर ( डेरा)में बीते रविवार से डायरिया का प्रकोप पसरा हुआ है जिसमे एक मासूम की मौत हुई है डेढ़ दर्जन के करीब उल्टी दस्त से पीड़ित हुए हैं जिनमे कुछ लोग सिराथू अझुवा के सरकारी प्राइवेट अस्पतालों में उपचार करवाकर घर पहुंच गए हैं वहीं डेरा में इस्माइल पुर कड़ा सी एच सी अधीक्षक डा सऊद के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम प्रतिदिन निःशुल्क कैंप लगाकर उपचार कर रही है आज बुधवार को डेरा से दीपक पुत्र अशोक,रिचा पुत्री राजू, रिहाब पुत्र नीरज, आर्या पुत्री अमित भी डायरिया के शिकार हो गए जिन्हें डॉक्टरों ने एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया है। आज निःशुल्क कैंप में डॉक्टर टीम ने 17 लोगों का उपचार कर ओआर एस सहित साधारण दवाएं दी हैं।

### बीच सड़क पर गिरा पेड़, मार्ग बाधित बाल बाल बचे स्कूली छात्र



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा महात्मा बुद्ध डिग्री कॉलेज के पास हल्की फुल्की बरसात और हवा के झोंके से महुआ का एक पुराना पेड़ धराशाई हो गया जिससे आवागमन बंद हो गया उसी दरमियान लिटिल ब्लॉसम कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों की छुट्टी हुई थी कुदरत का करिश्मा कहिए उस दरमियां अति व्यस्त मार्ग में किसी तरह की आवाजाही नहीं थी हल्की-फुल्की बरसात हो रही थी इसी दौरान अचानक पेड़ धराशाई हो गया जिससे मोहल्ले के दर्जनों घरों की विद्युत आपूर्ति और तारे उलझ कर पेड़ से फंस कर टूट गई है जिससे घरों की आपूर्ति बाधित हो गई है कुछ स्कूली छात्र निकल रहे थे जिन्हे पेड़ गिरने से पत्तियां आकर टकराई थीं पेड़ के नीचे भिक्खू साहू और एक दुकानदार की मोटरसाइकिल दब गई है ।

### आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत एक गंभीर झुलसी



**कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना अंतर्गत गिरधरपुर गाँव के पास धान की रोपायी कर रही युवती गेंदी उम्र 20 वर्ष पुत्री जगन एवं कलावती उम्र 45 वर्ष पत्नी बच्चालाल निवासी टेंगाई मंझनपुर आकाशीय बिजली की चपेट में आ गयी जिससे युवती गेंदी की मौके पर ही मौत हो गयी और गंभीर रूप से घायल महिला कलावती को 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल भेजा गया जहाँ उसकी स्थिति नाजुक बनी हुयी है। जिला अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में महिला को सांस लेने में बहुत दिक्कत होने लगी तो एम्बुलेंस में मौजूद ईएमटी ओम प्रकाश सिंह द्वारा घायल महिला का रढड2 चेक करके ऑक्सीजन की सप्लाई भी दी गयी।

### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को दी गयी ससम्मान विदाई



**कौशाम्बी** जिले के एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय स्थित दुगार्भाभी सभागार में सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कर्मियों को पुष्प माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र भेट कर, प्रशस्ति पत्र देकर ससम्मान विदाई दी गयी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी उप निरीक्षक रामदुलार प्रसाद वा महिला उप निरीक्षक शिवकुमारी यादव वा उप निरीक्षक श्याम बहादुर वा उप निरीक्षक राजगृही यादव वा उप निरीक्षक ब्रम्हानन्द यादव 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो गए हैं जिन्हें ससम्मान विदाई दी गई है इस दौरान एएसपी अशोक कुमार वर्मा, सीओ चायल, सीओ मंझनपुर भी मौजूद रहे।

### बिताए गए पल को याद कर मोतीलाल सिंह के कार्यों की सराहना की गई




**कल्याणपुर कौशांबी** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशांबी में कार्यरत मोती लाल सिंह वरिष्ठ प्रयोगशाला प्राविधिज्ञ की 31जुलाई को सेवानिवृत्ति होने पर ससम्मान पूर्वक उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया है इस मौके पर उनको माल्यार्पण कर उनके साथ बिताए गए पल को याद कर उनके कार्यों की सराहना की गई है मोतीलाल सिंह कर्मचारी नेता भी थे उनके विदाई समारोह में तमाम कर्मचारी भी शामिल हुए हैं और उन्हें माला पहनकर विदा किया है प्रधानाचार्य डॉक्टर हरि ओम कुमार सिंह और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार शुक्ला के द्वारा भव्य सम्मान समारोह किया गया समारोह में जिला चिकित्सालय के पूर्व अधीक्षक डॉक्टर दीपक सेठ,ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर रवि रंजन सिंह अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं चीफ फार्मासिस्ट बीएन सिंह, एसबी सिंह,एवं अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अशासकीय विद्यालय प्रबंधक महासभा के जिला अध्यक्ष बने रवि नारायण तिवारी



**भरवारी कौशाम्बी** अशासकीय विद्यालय प्रबंधक महासभा की मंडल स्तरीय बैठक मंगलवार को करारी इंटर कॉलेज में हुई जिसमें नेशनल इंटर कॉलेज के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी को सर्व सम्मति से जिला अध्यक्ष चुना गया अध्यक्ष बनने के बाद नेशनल इंटर कालेज भरवारी में प्रथम आगमन पर विद्यालय परिवार की ओर से प्रबंधक रवि नारायण तिवारी का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य कलीम अहमद ने माल्यार्पण कर प्रबंधक रवि नारायण तिवारी का स्वागत किया। संचालन भुवनेश्वर तिवारी ने किया। स्वागत समारोह में विद्यालय के शिक्षक अरुण कुमार द्विवेदी भारत लाल शर्मा विनोद कुमार मिश्रा अजय कुमार लेफ्टिनेंट पंकज कुमार माया तिवारी प्रज्ञा मिश्रा संतोष सिंह यादव गंगा प्रसाद संजय चौधरी अवधेश कुमार अर्जुन लाल राजेश कुमार यादव सुनील यादव राजेश कुमार अस्थाना वरुण शंकर मिश्रा अतुल मिश्रा बालमुकुंद त्रिपाठी विशाल मिश्रा स्वतंत्र श्रीवास्तव यशपाल यादव श्री कृष्णा शुक्ला और प्रकाश द्विवेदी राजेश कुमार अखिलेश कुमार समर सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे

### सकिपा की मासिक बैठक आज

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में एक अगस्त गुरुवार समय 12 बजे दिन से मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा उक्त जानकारी पार्टी नेता अजय सोनी ने दी है।



## बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक के लिए काजू गांव से सैकड़ो भक्त गए बैजनाथ धाम

**कौशाम्बी।** चरवा के काजू गांव से बुधवार को सैकड़ों की संख्या में बाबा भोलेनाथ के भक्त भगवा वस्त्र धारण कर सावन के इस पवित्र माह में गंगा का पवित्र जल लेकर भगवान शंकर का अभिषेक करने बाबा बैजनाथ धाम के लिए काँवरिया रवाना हुए। डीजे की थाप पर भक्ति गाने पर नाचते गाते भक्तो के इस आयोजन में पूरा गांव सम्मालित हुआ। पिछले कई सालों से बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए ये भक्त सैकड़ों की संख्या में हर साल जलाभिषेक करने जाते हैं और लौटने के बाद पूरा गांव मिलकर एक बड़े और भव्य भंडारे का आयोजन भी करता है जिसमे हजारों की संख्या में भक्त शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस यात्रा में मुख्य रूप से काजू गांव के लाल चंद्र केशरवानी छत्रधारी केशरवानी प्रेम चंद्र केशरवानी अरुण कुमार केशरवानी सत्यम केशरवानी प्रितेंद्र केशरवानी रवि प्रजापति अजीत साहू मान सिंह ठाकुर नंकेश सिंह राजकरण यादव अतुल केशरवानी आयुष बबलू सिंह परानू चक चांगगू चक पप्पू चौरसिया मुंशी वर्मा अल्लू केशरवानी अनिल सोनी सुनील यादव छेदी सिंह और आकाश प्रजापति जितेंद्र गुप्ता अनुराग कुमार आदि लोगों का प्रमुख योगदान रहता है इन्ही लोगों के नेतृत्व में इस यात्रा का संचालन किया जाता है।

## डीएम के हस्तक्षेप के बाद गरीब बालिकाओं को मिला राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में प्रवेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कार्यालय कक्ष में जनता दर्शन में शिकायतकताओं की शिकायत सुनी जा रही थी, उसी समय राजेन्द्र पुत्र मनीराम पासी, निवासी-ग्राम रसूलाबाद उर्फ कोइलहा ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया कि वे बहुत ही निर्धन और असहाय व्यक्ति है, उनकी 02 पुत्रियाँ हैं तथा वह गरीबी के कारण उनको समुचित शिक्षा देने में असमर्थ है। जिलाधिकारी ने इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि तत्काल राजेन्द्र की दोनो पुत्रियों कु० वसु एवं कु० मोहिनी का प्रवेश नजदीकी राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में कराते हुए अवगत कराया जाय। जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में जिला समाज कल्याण अधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय,कोइलहा में कु० बसु का कक्षा 06 एवं कु० मोहिनी का कक्षा 07 में प्रवेश कराया हैं।

# पति की प्रताड़ना से विवाहिता ने फांसी के फंदे पर लटक कर दे दी जान



**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को पति के प्रताड़ना से पीड़ित विवाहिता ने फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी है मामले की सूचना युवती के पिता ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मेरा दामाद अक्सर गाली गलौज व छोड़ देने की धमकी दिया करता था, शनिवार को पति ने घर से युवती को भगा दिया था और लगातार फोन पर गाली गलौज करने के कारण मेरी बेटी ने आहत होकर मेरे घर के सन्नाटे कमरे में फांसी लगा ली है मामले में जब हम लोगों को जानकारी हुई तो दरवाजा तोड़कर बेटी को फांसी के फंदे से उतार कर थाने में सूचना दी। अगियौना गांव निवासी बच्चा लाल पुत्र स्वर्गीय भगवत प्रसाद ने करारी थाना में शिकायती पत्र देते हुए बताया की मेरी बेटी कल्पना की शादी चार माह पहले करारी थाना क्षेत्र के मोकीमपुर गांव निवासी उमेश कुमार पुत्र मित्ते कुमार के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी हुई थी जो भी युवती के पिता से हुआ उसने शादी में दान दहेज किया लेकिन उसके बाद भी युवती के पति उमेश आए दिन उसे प्रताड़ित किया करता था कहीं छोड़ने की धमकी तो कहीं मारपीट गाली गलौज मायके ना जाने की शर्तें रखा करता था बीते दो दिन पहले युवती अपने मायके आई थी उसी की खुन्नस पर पति ने घर से दो दिन पहले निकाल दिया था। युवती जैसे तैसे कर अपने मायके पहुंची अपने परिजनों को आप बीती बताइ उसके बाद भी पति उमेश फोन पर गाली गलौज करता रहा, इससे आहत होकर कल्पना ने मायके में जान देने का फैसला कर लिया और खाली घर पाकर फांसी के फंदे पर लटक गई। और अपनी जान दे दी मामले की जानकारी परिजन को हुई तो दरवाजा तोड़कर कल्पना के शव को नीचे उतरा और करारी थाना पुलिस को सूचना दी मामले में पुलिस वा फरेंसिंग टीम ने लिखा पढ़ी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आगे की जांच पड़ताल कर रही है।

## बेटे की हत्या में पिता को आजीवन कारावास की सजा, 30 हजार का लगाया अर्थदंड

**कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र में दो वर्षों पूर्व एक पिता ने अपने बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी थी मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत ने पिता को हत्या का दोषी पाया और बेटे की हत्या के आरोप में दोषी पिता को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है दोषी पिता पर अदालत ने 30 हजार का अर्थ दंड भी लगाया है पिपरी थाना क्षेत्र में 2 अप्रैल 2022 को युवक ने मामला दर्ज करवाया कि पिता द्वारा मेरे सगे भाई की फावड़ा मारकर हत्या कर दी गयी। इस सम्बन्ध में पिपरी थाना पर मु0अ0सं0 103/22 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया जिससे सम्बन्धित अभियुक्त छेदीलाल पुत्र स्व० दक्खिनी पासी नि० कटहुला गौसपुर थाना पिपरी को 31.07.2024 को न्यायालय एएसजे जनपद कौशाम्बी द्वारा आजीवन उम्रकैद की सजा सुनाई गई,वही 30 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया। शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में एसपी कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए अभियुक्त को आजीवन कारावास तथा 30,000/- रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर अभि० को 01 वर्ष के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

## पिता पुत्र सहित 04 अभियुक्तों को कोर्ट ने सुनाई 10-10 वर्ष कारावास की सजा

**दोषियों पर 13- 13 हजार का अर्थदंड लगाया अर्थदण्ड न अदा करने पर 03-03 माह की अतिरिक्त सजा सुनाई गयी**

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र में 13 वर्षों पूर्व गैर इरादतन हत्या के मुकदमे की सुनवाई करते हुए अदालत ने पिता पुत्र सहित चार अभियुक्त को 10 -10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और अभियुक्तों पर 13 --13 हजार का अर्थ दंड लगाया है 6 अप्रैल 2011 को गैर इरादतन हत्या के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 203/11 धारा 147/ 148/ 149/ 304/ 323/ 504/ 506 भादवि कोखराज थाना में पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित 04 अभियुक्तों गुरू उर्फ गुरू प्रसाद पासी पुत्र राम लाल वा ज्ञान सिंह पासी पुत्र गुरुप्रसाद पासी वा दयानन्द उर्फ देवानन्द पासी पुत्र धर्मदास पासी वा मदन पासी पुत्र धर्मदास पासी निवासी गण भिखियापुर मझियावां थाना कोखराज को 31.07.2024 को न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने 10- 10 साल की सजा एवम 13- 13 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में एसपी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए प्रत्येक अभियुक्त को 10-10 वर्ष कारावास तथा 13-13 हजार रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड न अदा करने पर 03-03 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गयी।

## चार सगे भाइयों समेत गैर इरादतन हत्या के 7 दोषियों को 13 वर्ष बाद अदालत में सुनाई सजा

**कौशाम्बी।** 13 वर्षों पूर्व पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में प्राण घातक हमले में घायल की मौत के मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने चार सगे भाइयों समेत सात लोगों को गैर इरादतन हत्या का दोषी पाया है और गैर इरादतन हत्या के दोषियों को अदालत ने चार-चार वर्ष की कठोर कारावास की सजा सुनाई है गैर इरादतन हत्या के दोषियों को सजा दिलाने में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी की गई है मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत में गैर इरादतन हत्या के आरोपी गरीबदास अमीर दास संतलाल बीरेन्द्र पुत्रगण सरजू पासी वा जुग्गालाल वा हुबलाल वा बचूली सहित 07 अभियुक्तों को 04-04 वर्ष कारावास तथा 5500-5500 रुपए के अर्थदंड की सजा से दंडित किया है

## जमीन कब्जा का प्रयास करने वाले दीपक पांडे और उनके भाई पर मुकदमा दर्ज

**कौशाम्बी।** चरवा थाना के डाकखाना के पास रामानुज पांडेय के परिवार की जमीन को कब्जा करने मंगलवार की शाम दीपक पांडेय और उनके भाई हरीश पांडेय पहुँचे थे जमीन कब्जा के दौरान रामानुज पांडेय के परिवार से दीपक पांडेय का जमकर विवाद हुआ था दोनों तरफ से मारपीट हुई थी मामले को लेकर रामानुज पांडेय की पत्नी पुष्पा देवी की तहरीर पर थाना पुलिस ने दीपक पांडेय उर्फ सतीश पांडेय और उनके भाई हरीश पांडेय के विरुद्ध पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश में पुलिस लगी है रामानुज पांडेय की पत्नी पुष्पा पाण्डेय का कहना है कि जिस जमीन पर दीपक पांडेय कब्जा करना चाहते हैं उस जमीन को उन्होंने पुष्पा त्रिपाठी पत्नी इंद्रेश त्रिपाठी से खरीदा है वह उनकी निजी संपत्ति है लेकिन जिला बदर रह चुके गुंडा दीपक पांडेय उनकी निजी जमीन पर जबरिया बलपूर्वक कब्जा कर रहे हैं दीपक पाण्डेय आदतन अपराधी हैं दीपक पांडेय पहले कांग्रेस पार्टी के नेता थे फिर वह भाजपा में शामिल हो गए थे।

# टैंकर की टक्कर से दुर्घटना ग्रस्त पिकप पुलिस वाहन से भिड़ी दो सिपाही घायल

**थाने के गेट के सामने पुलिस कब्जे में खड़ी सीज मोटर साइकिलो पर पिकप चढ़ गई**




**महगाव कौशाम्बी।** प्रयागराज की ओर से आ रही तेज रफ्तार टैंकर ने संदीपनघाट थाना के सामने पिकप को टक्कर मार दिया जिससे पिकप पुलिस वाहन से टकरा गई है हादसे में दो सिपाही घायल हो गए है घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई घायल सिपाहियों को इलाज के लिए अस्पताल पहुँचाया गया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह 10 बजे प्रयागराज की ओर से इंडियन ऑयल की एक टैंकर तेज रफ्तार से आ रही थी उसी के आगे एक पिकप भी आ रही थी जैसे ही दोनों वाहन संदीपनघाट थाना क्षेत्र के महगाव में थाने के पास पहुँचे ओवर टेक के चक्कर में आगे निकलने के लिए टैंकर ट्रक ने पिकप में टक्कर मार दिया टक्कर से पिकप संदीपन घाट थाना की पुलिस का वाहन और खड़ी मोटर साइकिलों में टकरा गई। जिससे मोटरसाइकिल समेत पिकअप क्षतिग्रस्त हो गई टक्कर के बाद टैंकर नही रुकी और तेज रफ्तार में आगे निकल गई साथ ही पिकप की टक्कर से थाने के पास अफरातफरी मच गई। थाने के गेट के सामने पुलिस कब्जे में खड़ी सीज मोटर साइकिलो पर पिकप चढ़ गई। इस टक्कर में दो पुलिस कर्मियों को चोट आई हैं। एसआई मुस्तफा के सर पर और हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार के हाथ पर चोट आई है। घायल सिपाहियों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है संदीपन घाट थाना पुलिस थाना क्षेत्र की गस्त करके जैसे ही थाने के पास खड़ी हुई थी तभी हादसा हो गया थाना पुलिस द्वारा मूरतगंज चौकी पुलिस को दुर्घटना कर भाग रही टैंकर की सूचना दी मूरतगंज पुलिस द्वारा घेरा बंदी करते हुए ट्रक को कब्जे में लेकर संदीपनघाट थाना पुलिस के कब्जे में दे दिया है थाना पुलिस द्वारा कानूनी कार्रवाई की गई है।

## योगी सरकार में अपात्र को मिल रहा पट्टा गरीब कमजोर पात्र तरस रहे है पट्टा के लिए

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** सिराथू तहसील के अंतर्गत कड़ा ब्लॉक अंदावा के पल्टी पुर मे आराजी संख्या 182 रकबा0.399 हेक्टेयर बंजर खाते की भूमि है जिसके जुज रकबा 0.018 हेक्टेयर मे रमेश कुमार पुत्र स्वर्गीय अमृतलाल अंदावा पल्टीपुर तहसील सिराथू के पूर्वजों ने कई पेड़ भी लगाए हुए हैं रमेश कुमार मौके पर सालों से टीनशेड व छप्पर डाल कर रह रहे है लेकिन लेखपाल ने दूसरे को गलत तरीके से पट्टा दे दिया है विधि विरुद्ध आवंटन के विरोध में रमेश ने न्यायालय जिला अधिकारी के यहां पट्टा निरस्तीकरण का वाद दिनांक 23 जुलाई को दाखिल किया है जो विचाराधीन है हल्का लेखपाल व कानूनगो ने उक्त विधि विरुद्ध आवंटन को विपक्षी को मौके पर कब्जा दिलाने पहुंचे तो रमेश कुमार निर्मल ने आज जिला अधिकारी व उप जिला अधिकारी सिराथू को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है आराजी संख्या182 मे आवास आवंटन शोभा देवी पत्नी अशोक कुमार विश्वकर्मा व अशोक कुमार पुत्र बच्चू लाल निवासी धर्मपुर तहसील मंझनपुर का हैं धर्मपुर में शोभा देवी पत्नी अशोक कुमार विश्वकर्मा के मकान व खेत भी है 1427 लगायत 1432 फसली खाता संख्या 22 है टेढ़ीमोड़ के मकान में रह रहे है।

## डूबने से बचाव हेतु सुरक्षा के बताए उपाय

**कौशाम्बी।** उफानाई हुई नदी, नहर, नालें, तालाब आदि में न जाएं एवं अपने स्वजनों को भी जाने से रोकें। बच्चों को पुलिया, ऊँचें टीलों से पानी में कूदकर स्नान करने से रोकें अतिआवश्यक हो तो ही पानी में उतरे व गहराई का ध्यान रखें। भली प्रकार तैरना जानते हो तभी पानी में उतरें/ स्नान करें। कोशिश करें कि किसी नदी या जल निकाय में सामूहिक रूप से स्नान करने जाते समय साथ में 10-15 मीटर लम्बी रस्सी या धोती/साड़ी आवश्य रखें। नदियों, नहरों, जलाशयों या अन्य जल निकायों के पास लिखि हुई चेतावनी की अवहेलना न करें। छोटे बच्चों को घाटों,जल निकायों के समीप न जाने दें। किसी के उकसावे में आकर पानी में छलांग न लगायें। नदियों,अन्य जल निकायों के घाटों पर रीति-रिवाजों, संस्कारों का निर्वहन करते समय असावधानी न बरतें। तैरते या पानी में स्नान करतें स्टंट न करें या सेल्फी आदि न लें ऐसा करना जान लेवा हो सकता है।

# एक दर्जन गांव मे 250 से अधिक चल रही है अवैध शराब की भट्ठी

**नाबालिक नन्हे मुन्ने बच्चों को शराब की लत लग रही है और शराब पीकर उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है**

**नेवादा कौशाम्बी** जिले मे अवैध कच्ची शराब की भट्ठी जोरों पर चल रही है लेकिन आबकारी विभाग से लेकर थाना चौकी पुलिस की अवैध भट्ठी को बन्द नही करा रही हैं पुलिस वा आबकारी विभाग की उदाशीनता से अवैध शराब का गोरख धंधा जोरो पर फल फूल रहा है इसी जहरीली शराब से बिहार प्रांत व अन्य तमाम प्रांतों मे प्रत्येक वर्ष ना जाने कितनी जान जाती है जिले के अन्य थाना क्षेत्र में भी जहरीली शराब से पूर्व के वर्षों में मौत हो चुकी है लेकिन फिर भी पुलिस और आबकारी विभाग की अवैध वसूली व उदाशीनता के चलते अवैध कच्ची शराब माफियाओं के ऊपर कानूनी कार्यवाही न होने से माफियाओं को बल मिलता है और आबकारी विभाग से लेकर पुलिस पर सवाल खड़े हो रहे हैं पिपरी थाना के लोधउर चौकी की बात करें तो इस चौकी क्षेत्र के एक दर्जन गांव मे लगभग ढाई सौ से अधिक अवैध जहरीली कच्ची शराब की भट्ठी धधक रही है सूत्रों की माने तो चौकी पुलिस प्रत्येक शराब भट्ठी से 2500 की वसूली कर रही है आबकारी विभाग भी शराब कारोबारी से वसूली कर रही है लगभग पांच लाख से ऊपर की अवैध वसूली भट्ठी संचालकों से हो रही है जहां एक तरफ चौकी पुलिस की लाखों की अवैध कमाई हो रही है वहीं दूसरी ओर आबकारी भी चौकी पुलिस से पीछे नहीं है। गौरतलब है कि नाबालिक नन्हे मुन्ने बच्चों को शराब की लत लग रही है और शराब पीकर उनका भविष्य बर्बाद हो रहा है यही बच्चे आगे चलकर चोरी छिनैती रहजनी जैसे बड़े-बड़े गंभीर अपराधों मे अपना कदम रखते हुये तमाम घटनाओं को अंजाम देते हुये लोगों को अपना शिकार बनाते हैं जो गंभीर जांच का बिषय है बीते हफ्ते औधन गांव मे एक शराब कारोबारी यमुना नदी के बीच रेत पर शाम के समय अवैध कच्ची शराब बना रहा था तभी अचानक कहीं से जंगली जानवर आया और उसने शराब कारोबारी पर हमला कर घायल कर दिया था जो ग्रामीणों की मदद से उसकी किसी तरह से जान बच पायी थी जिसका निजी नर्सिंगहोम मे चार पांच दिन तक इलाज चला था और रसूलपुर ब्यूर मे दो माह पहले एक शराब कारोबारी को दस हजार लेकर छोंड़ा दिया गया था न जाने कितने पकड़े जाते है और देकर छूट जाते हैं।

संपादक की कलम से

# यादों में बसे हैं सावन के झूले

सावन को बहुत पवित्र महीना माना जाता है। मान्यता है कि सावन में माता पार्वती ने भगवान शिव की तपस्या करके उन्हें पाया था। सावन दक्षिणायन में आता है जिसके देवता शिव हैं। इसीलिए इन दिनों उन्हीं की आराधना शुभ फलदायक होती है। सावन के महीने में बहुत वर्षा होती है। इसलिये इसे वर्षा ऋतु का महीना या पावस ऋतु भी कहा जाता है।

तुम्हें गीतों में ढालूँगा सावन को आने दो। ऐसे गाने सावन आते ही लोगों की जुबान पर खुद-ब-खुद आ जाते हैं। पहले सावन शुरू होते ही गांव की गलियों से लेकर शहरों तक झूले पड़ते थे। महिलाएं झूला झूलतीं और गाती थीं। सावन व भादो का महीना हमे प्रकृति के और निकट ले जाता है। झूले झूलने के दौरान गाये जाने वाले गीत मन को सुकून देते हैं। झूले गांव के बागीचों, मंदिर के परिसरों में डाले जाते थे।

भारतीय संस्कृति में झूला झूलने की परम्परा वैदिक काल से ही चली आ रही है। श्री कृष्ण राधा संग झूला झूलते और गोपियों संग रास रचाते थे। मान्यता है कि इससे प्रेम बढ़ ? के अलावा प्रकृति के निकट जाने एवं उसकी हरियाली बनाये रखने की प्रेरणा मिलती है। एक दौर था जब लोगों को सावन के महीने का बेसब्री से इंतजार रहता था। लड़कियां ससुराल से मायके आती थीं। लेकिन अब ये परंपरा खत्म होती जा रही है। अब न तो झूले पड़ते हैं और न गीत सुनाई देते हैं।

सावन शुरू हो गया है लेकिन इसका एहसास ही नहीं हो रहा है। उमंग और खुमारी का संगम इसी महीने में हरियाली तीज पर खत्म होता था। सखियों को सुख-दुख बांटने, साथ बैठकर मेंहदी लगाने की परंपरा फिर गीत गाना सब गुम हो चुका है। बच्चे अब झूले नहीं वीडियो गेम में मस्त रहते हैं। महिला संगठन भी अब किटी पार्टी जैसे आयोजनों तक सीमित हैं। झूले की परम्परा लुप्त होने के पीछे सबसे प्रमुख वजह मनोरंजन के भरपूर साधनों का होना भी है।

सावन के आते ही गली-कूचों और बगीचों में मोर, पपीहा और कोयल की मधुर बोली के बीच युवतियां झूले का लुत्फ उठाया करती थीं। अब न तो पहले जैसे बाग-बगीचे रहे और न ही मोर की आवाज सुनाई देती है। अब बिना झूला झूले ही सावन गुजर जाता है।

वन माफियाओं के चलते गांवों में भी बाग-बगीचे नहीं बचे हैं। जहां युवतियां झूला डाल कर झूल सकें। अब समय के साथ पेड़ गायब होते गए और उनके स्थान पर बहुमंजिला इमारतों के बनने से आंगन का अस्तित्व समाप्त हो गया। ऐसे में सावन के झूले भी यादें बनकर हमारी परम्परा से गायब हो रहे हैं। जन्माष्टमी पर मंदिरों में सावन की एकादशी के दिन भगवान को झूला झुलाने की परम्परा जरूर अभी भी निभाई जा रही है। आज के समय में सावन के झूले नजर नहीं आने का कारण जनसंख्या घनत्व में वृद्धि के साथ ही वृक्षों की कटाई है। लोग अब घर की छत पर या आंगन में लोहे के झूले पर झूलकर मन को संतुष्ट कर रहे हैं। बुद्धिजीवी वर्ग सावन के झूलों के लुप्त होने की प्रमुख वजह सुख सुविधा और मनोरंजन के साधनों में वृद्धि को मान रहे हैं।

सावन में झूला झूलना मात्र आनंद की अनुभूति नहीं कराता अपितु यह स्वास्थ्यवर्धक प्राचीन योग भी है। सावन में चारों तरफ हरियाली छाई होती है। हरा रंग आंखों पर अनुकूल प्रभाव डालता है। इससे नेत्र ज्योति बढ़ती है। झूला झूलते समय श्वांस-उच्छवास लेने की गति में तीव्रता आती है। इससे फेफड़े सुदृढ़ होते हैं। इसके साथ ही झूलते समय श्वांस अधिक भरा, रोका एवं वेग से छोड़ा जाता है। इससे नवीन प्रकार का प्राणायाम पूर्ण हो जाता है जो स्वास्थ्य वर्धक है। झूलते समय रस्सी पर हाथों की पकड़ सुदृढ़ होती है। इसी प्रकार खड़े होकर झूलते समय झूले को गति देने बार-बार उठक-बैठक लगानी पड़ती हैं। इन क्रियाओं से एक ओर हाथ, हथेलियों और उंगलियों की शक्ति बढ़ती है वहीं दूसरी ओर हाथ-पैर और पीठ-रीढ़ का व्यायाम हो जाता है।

गांवों की बुजुर्ग महिलायें बताती हैं कि सावन आते ही बेटियां ससुराल से मायके बुला ली जाती थीं और पेड़ों पर झूला डाल कर झूलती थीं। त्योहार में बेटियों को ससुराल से बुलाने की परम्परा तो आज भी चली आ रही है। लेकिन जगह के अभाव में न तो कोई झूला झूल पाता है और न ही अब मोर, पपीहा व कोयल की सुरीली आवाज ही सुनने को मिलती हैं। दस साल पहले तक यहां रक्षाबंधन तक झूले का आनंद लिया जाता था। गांव के पेड़ पर मोटी रस्सी से झूला डाला जाता था और सारे गांव की बहन-बेटियां झूलती थीं। अब पेड़ ही नहीं हैं तो झूला कहां डालें। सावन के महीने में नवविवाहित महिलाओं को अपने मायके जाने की परम्परा राजस्थान में तो आज भी चली आ रही है। अब वक्त ने ऐसी करवट ली है कि सावन तो आता है पर अपने रंग नहीं बिखेर पाता। जिस सावन के आते ही नववधु ससुराल से मायके पहुंच जाती थी। अब वैसा सावन नही होता है। झूले की परम्परा लुप्त होने के साथ ही सावन भादों की खुशबू अब कहीं नहीं दिखती है। कुछ स्थानों को छोड़ कर लोग इसका आनंद नहीं ले पा रहे हैं। झूलों के नहीं होने से हमे लोक संगीत भी सुनने को नहीं मिलता है।

## एक और रेल हादसा


मंगलवार 30 जुलाई का दिन, देश के लिए दो अमंगल खबरें लेकर आया। केरल के वायनाड जिले में सोमवार देर रात से शुरू हुई बारिश के कारण भूस्खलन हुआ, जिसमें मेप्पडी, मुंडक्कई टाउन और चूरल माला में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। कम से कम 36 लोगों की मौत की खबर है और सौ से अधिक लोगों के दबे होने की आशंका है। फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र से हरसंभव मदद का ऐलान भी किया है। श्री मोदी ने भूस्खलन में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। वहीं वायनाड से जीत दर्ज करने वाले राहुल गांधी ने भी इस हादसे पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए हरसंभव मदद की बात की है। खबर ये भी है कि राहुल गांधी और वायनाड उपचुनाव में कांग्रेस की संभावित प्रत्याशी प्रियंका गांधी वायनाड जाकर पीड़ितों से मुलाकात कर सकते हैं।

वायनाड के इस प्राकृतिक हादसे के साथ ही एक और बड़े हादसे की खबर झारखंड से आई। यहां बड़ाबंबू में हावड़ा-मुंबई मेल के 20 डिब्बे एक मालगाड़ी से टकराकर पटरी से उतर गए। जिसमें दो लोगों की मौत की खबर है, साथ ही कई यात्री घायल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जहां यह रेल हादसा हुआ है, वहां पहले से एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई थी, लेकिन उसके डिब्बे पटरी पर ही थे। इस बीच पीछे से आ रही हावड़ा-मुंबई मेल की मालगाड़ी के डिब्बों के साथ टक्कर हो गई और फिर निर्दोष लोगों की जान पर बन आई। इससे एक दिन पहले सोमवार को ही दरभंगा से नई दिल्ली जाने वाली बिहार संपर्क क्रांति दो हिस्सों में बंट गई थी, करीब 100 मीटर तक उसका इंजन आगे चला गया और सारे कोच पीछे रह गए थे, बाद में किसी तरह ट्रेन के बाकी बोगी और इंजन को कंट्रोल किया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में जान-माल की कोई हानि नहीं हुई। अन्यथा अब रेल का सफर भी जान हथेली पर लेकर चलने वाला बन चुका है। वायनाड में हुए भू स्खलन के लिए मुख्यतः भारी बारिश को ही जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। हालांकि इसमें अधोसंरचना की कमजोरियों की पोल भी खुलती है। केरल में बारिश के मौसम में आने वाली यह पहली आपदा नहीं है। इस राज्य में हर बार बारिश के कारण बाढ़ के हालात बन जाते हैं, और पुलों, मकानों के ढहने से बड़ी संख्या में लोग प्रभावित होते हैं। अगर मौसम की मार से बचने की तैयारी पहले ही कर ली जाए और दूरदृष्टि के साथ शहरी विकास नियोजन व प्रबंधन हो, तो ऐसी दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। यही बात रेल हादसों के लिए भी कही जा सकती है। झारखंड में हुई दुर्घटना पिछले कई हफ्तों से हो रहे रेल हादसों की एक और कड़ी ही कही जा सकती है, क्योंकि हमें अब भी नहीं पता कि इस के बाद रेल दुर्घटनाओं पर कोई रोक लगेगी या नहीं। सरकार की संवेदनहीनता का पता तो इसी बात से चल जाता है कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव इतनी रेल दुर्घटनाओं के बाद भी अपने पद पर बने हुए हैं।

# ओलम्पिक 2024 में भारत के ऐतिहासिक धमाल की उम्मीदें

– ललित गर्ग–

एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों की तब मिट्ठियां तन गयी, यकीनन ये गर्व के क्षण हैं, जब मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने ओलम्पिक में पदक दिलाये। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्द्धा का कांस्य पदक कई ऐतिहासिक रिकॉर्ड को समेटे हुए है। 28 जुलाई को 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग श्रेणी में कांस्य जीतकर मनु पहले ही निशानेबाजी में देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन चुकी हैं और अब इस नई कामयाबी के साथ एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने का राष्ट्रीय गौरव एवं ऐतिहासिक कीर्तिमान भी उनके हिस्से आ गया है। दोनों खिलाड़ियों ने जता दिया कि खेलों में ही वह सामर्थ्य है कि वह देश एवं दुनिया के सोये स्वाभिमान को जगा देता है, क्योंकि जब भी कोई अर्जुन धनुष उठाता है, निशाना बांधता है तो करोड़ों के मन में एक संकल्प, एकाग्रता का भाव जाग उठता है और कई अर्जुन पैदा होते हैं। अनूठा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी माप बन जाते हैं और जो माप बन जाते हैं वे मनुष्य के उत्थान और प्रगति की श्रेष्ठ, सकारात्मक एवं राष्ट्र को गौरवान्वित करने की स्थिति है। पेरिस में खेलों के महाकुम्भ ओलम्पिक 2024 के आयोजन में भारतीय खिलाड़ियों का जज्बा, ऐतिहासिक प्रदर्शन एवं संकल्प भारतीय मनुष्य के मन और माहौल को बदलने का माध्यम बनेगा, ऐसा विश्वास है। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से भारत में ऊर्जा का संचार होगा, विश्वास, उम्मीद एवं उमंग जागेगी। जीवन के प्रति सकारात्मक रवैये को भी ये भारतीय खिलाड़ी नया आयाम देंगे।



शाबाश मनु! तुमने न केवल हरियाणा बल्कि भारतीय लैंगिक भेदभाव की मानसिकता को चुनौती दी है, मनु की दोहरी सफलता का संदेश साफ है कि ह्यबेटी पढ़ाओ, खूब खेलाओ ह्ल बेटियां भारत का मान एवं शान बनकर दिखायेंगी। मनु ने दो कांस्य पदक ही नहीं जीते, कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए। वह ओलंपिक में शूटिंग में पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी ही नहीं बनी, बल्कि भारत की ओर से एक ही ओलंपिक में दो पदक हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी भी बनी। मनु की यह उपलब्धि इस मायने में भी खास है कि टोक्यो ओलंपिक में उसकी पिस्टल में खराबी आने के कारण वह जीत के दरवाजे के बाहर से ही लौट आयी थी। वह लंबे समय तक तकनीकी कारणों से मिली असफलता के तनाव एवं अवसाद से जूझती रही। लेकिन उस असफलता के अवसाद को दरकिनार कर दोहरी सफलता पाना निश्चित रूप से तमाम युवाओं के लिये प्रेरणा की मिसाल बनी है, वास्तव में हमारी नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदलने का सशक्त माध्यम बनी है। इस खेलों के महाकुम्भ से निश्चित ही अस्तित्व को पहचानने, दूसरे अस्तित्वों से जुड़ने, विश्वव्यापी पहचान बनाने और अपने अस्तित्व को दुनिया के लिये उपयोगी बनाने की भूमिका बनेगी।

राष्ट्र का एक भी व्यक्ति अगर दृढ़ संकल्प से आगे बढ़ने की ठान ले तो वह शिखर पर पहुंच सकता है। विश्व को बौना बना सकता है। पूरे देश के निवासियों का सिर ऊंचा कर सकता है, भले ही रास्ता कितना ही कांटों भरा हो, अवरोधक हो। देश में प्रतिभाओं और क्षमताओं की कमी नहीं है। चैंपियंस अलग होते हैं, वे भीड़ से अलग सोचते एवं करते हैं और यह सोच एवं कृत जब रंग लाती है तो बनता है इतिहास। हमारे खिलाड़ी कुछ इसी तरह चैंपियन बनकर उभरेंगे, दुनिया को चौंकाएंगे, सबके प्रेरणा बनेंगे, ऐसा विश्वास है। दस मीटर एयर पिस्टल के मिक्स्ड टीम इवेंट में मनु और सरबजोत सिंह की कामयाबी कई मायनों में खास है क्योंकि उन्होंने कोरिया के दिग्गज खिलाड़ियों को हराकर यह सफलता हासिल की। कोरियाई टीम में एक वह शूटर भी शामिल थी जिसने रविवार के दस मीटर एयर पिस्टल वर्ग में नये ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता था। यह जीत इन खिलाड़ियों के मजबूत मानसिक स्तर की ही परिचायक है क्योंकि शूटिंग के खेल में गहरी मानसिक एकाग्रता व ऊंचे आत्मविश्वास की जरूरत होती है।

मनु ने अपनी पिछली हार को प्रेरणा का माध्यम बनाया, भगवद् गीता के सर्वकालिक संदेश कर्म किए जाने के मंत्र का अनुसरण करते हुए मनु ने नये संकल्प एवं बुलंद इरादे से मेहनत की। एक साल में चार कोच आजमाने के बाद फिर पुराने कोच जसपाल राणा को याद किया। जसपाल भी जानते थे कि मनु में इतिहास की नई इबारत लिखने की संभावना निहित है। जसपाल भी अपनी अकादमी के सौ छात्रों को भुलाकर पेरिस में मनु को कामयाब बनाने में जुटे। निस्संदेह, देश में खिलाड़ियों की कमी नहीं है। जरूरत है उन्हें वह वातावरण देने की, जिसमें उनकी प्रतिभा में निखार आ सके। केंद्रीय खेल मंत्री के अनुसार, खेलो इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत केंद्र सरकार ने मनु भाकर की ट्रेनिंग में दो करोड़ रुपये खर्च किए। यह सुखद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यक्तिगत दिलचस्पी ने खेल-कूद के प्रति सार्वजनिक प्रयासों को एक नई ऊर्जा दी है। देश के हरेक हिस्से से प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें तराशने वाले अकेले खेलो इंडिया कार्यक्रम के लिए 900 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन इसका प्रमाण है। मनु और आगे बढ़ो, क्योंकि देश को तुमसे एक और पदक की उम्मीदें लगी है। अभी पेरिस में मनु की प्रिय स्पर्धा पच्चीस मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा बाकी है। उम्मीद करें की एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की उम्मीदों पर मनु फिर खरी उतरेगी।

देश की आर्थिक समृद्धि ने सरकारों को जहां खेलों में अधिक निवेश की सहूलियत दी। दुनिया की तीसरी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश खेलों में भी अग्रणी बन रहा है। समाज ने भी खेल-कूद से जुड़े अपने पुराने जुमलों एवं संकीर्ण मानसिकता को बदला है। परिणाम सामने है। आज हम दहाई अंक में ओलंपिक पदकों की उम्मीद बांध रहे हैं, तो मनु भाकर का शानदार आगाज इस अपेक्षा को मजबूत आधार दे रहा है। मगर अभी भारत को मीलों की दूरी तय करनी है। ओलंपिक की पदक तालिका में शीर्ष क्रम पर आने के लिए हमें अपने खेल संगठनों को पेशेवर बनाना होगा, उन्हें राजनीतिक विवादों एवं राजनीति से दूर रखना होगा। पिछले दिनों कुश्ती महासंघ के विवाद ने काफी कटु स्मृतियां छोड़ी हैं। ऐसे विवादों के त्वरित निपटारे की जरूरत है, ताकि खिलाड़ी हताश न हों और उनको अदालत की शरण लेने की नौबत न आए। भारतीय खिलाड़ी निशानेबाजी, कुश्ती, भारोत्तोलन, हॉकी, भाला फेंक, बॉक्सिंग में अपना लोहा मनवा चुके हैं, दूसरी विधाओं में भी संभावनाएं कम नहीं हैं। मनु भाकर जैसी प्रतिभाएं आश्वस्त कर रही हैं कि अपनी कमियों को जीतना हम जानते हैं। भरोसा रखिए, ओलंपिक खेलों में हमारे गौरव के पदक धारक बेटे-बेटियों की तादाद पर दुनिया ईर्ष्या करने को बाध्य होगी।

नित-नयी विपरीत स्थितियों की धुंध को चीरते हुए भारत के खिलाड़ी एवं खेल प्रतिभाओं के जज्बे से ऐसे उजालों का अवतरण होगा कि दुनिया आश्चर्य करेंगी। एक ऐसी रोशनी अवतरित होगी जिससे भारतवासियों को प्रसन्नता, गर्व, अभय एवं आशा का प्रकाश मिलेगा। 2024 के पेरिस ओलंपिक से हमें बेहद उम्मीदें हैं। क्योंकि यहां तक पहुंचते-पहुंचते कईयों के घुटने घिस जाते हैं। एक बूंद अमृत पीने के लिए समुद्र पीना पड़ता है। पदक बहुतों को मिलते हैं पर सही खिलाड़ी को सही पदक मिलना खुशी देता है। ये देखने में कोरे पदक हैं पर इसकी नींव में लम्बा संघर्ष और दृढ़ संकल्प का मजबूत आधार छिपा है। राष्ट्रीयता की भावना एवं अपने देश के लिये कुछ अनूठा और विलक्षण करने के भाव ने ही खेलों में भारत की साख को बढ़ाया है। ओलंपिक खेलों में विजयगाथा लिखने को बेताब देश की बेटियां, एवं अन्य खिलाड़ी अभूतपूर्व सफलता का इतिहास रचने को तत्पर है, उनकी आंखों में तैर रहे भारत को अव्वल बनाने के सपने को जीत का हार पहनते देखने का यह समय निश्चित ही रोमांचित एवं गौरवान्वित करने वाला होगा। जाहिर है कि सही वक्त पर, सही प्रतिभा को प्रोत्साहन एवं प्राथमिकता मिल जाए तो खेलों की दुनिया में देश का नाम सोने की तरह चमकते अक्षरों में दिखेगा।

**प्रेषकः**
**(ललित गर्ग)**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट 25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**मो. 9811051133**

# डिजिटल डिटाक्स आज के समय की जरुरत !

स्कूली बच्चों में विडियो गेम्स की लत स्वयं बच्चों के लिए व उनके परिवार के लिए बहुत ही घातक सिद्ध हो रही है। सच तो यह है कि आज के समय में जब हम संचार क्रांति के युग में सांस ले रहे हैं ,तब घंटों ऑनलाइन गेमिंग की लत बच्चों को मानसिक रूप से बीमार बना रही है। दरअसल, कोरोना महामारी के बाद से बच्चों को मोबाइल यूज करने की ज्यादा लत लग गयी है। कहना गलत नहीं होगा कि कोरोना महामारी( कोविड-19 ) के दौरान हुए लॉकडाउन की वजह से बच्चों की कोचिंग व स्कूल की ऑनलाइन क्लासेज लगने लगी और बच्चों को एंड्रॉयड मोबाइल फोन या टैबलेट या कंप्यूटर देना माता पिता और अभिभावकों के लिए मजबूरी बन गया था। बच्चों को मोबाइल मिलने की वजह से वे ऑनलाइन गेमिंग के आदि हो गए और मानसिक तौर पर बीमार होने लगे हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि ज्यादा समय तक ऑनलाइन गेम खेलने वाले बच्चों के व्यवहार में उग्रता आ जाती है, जिसके बाद उनमें तनाव बढ़ने लगता है। कुछ मामलों में उनको दौरे तक भी पड़ने लगते हैं। आज मोबाइल गेम्स के चक्कर में बच्चे अभिभावकों का कहना तक नहीं मानते हैं, क्यों कि आनलाइन गेम्स उन्हें आनंद व खुशी की अनुभूति प्रदान करते हैं। मोबाइल छीनने पर वे उग्र, कभी कभी तो हिंसक भी हो जाते हैं। आनलाइन गेम्स खेलने से बच्चे जहां एक ओर पढ़ाई से दूर होने लगे हैं वहीं पर दूसरी ओर इससे उनकी आंखों, दिमाग पर भी प्रभाव पड़ता है। वास्तव में ऑनलाइन गेम्स खेलने के कारण बच्चों की आंखों की रौशनी कम होना, मोटापा, लीपर्ि?ग ड?सऑर्डर, ड?प्रेशन, अग्रेसिवनेस, एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। बहरहाल, यदि हम यहां आंकड़ों की बात करें तो एक सर्वे के मुताबिक, भारत के 40 प्रतिशत अभिभावकों ने माना था कि उनके बच्चे सोशल मीडिया इस्तेमाल करने, वीडियोज देखने और ऑनलाइन गेम खेलने के आदि हैं। इन बच्चों की उम्र 9 साल से 17 साल के बीच है। इस सर्वे में शामिल 49 प्रतिशत अभिभावक मानते हैं कि उनके 9 साल से 13 साल के आयुवर्ग के बच्चे रोजाना 3 घंटे से ज्यादा समय इंटरनेट पर बिताते हैं। वहीं, 47 प्रतिशत अभिभावकों का मानना था कि उनके बच्चे को ऑनलाइन गेमिंग, सोशल मीडिया और शॉर्ट वीडियोज देखने की बुरी लत लग गई है। सर्वे में भाग लेने वाले 62 प्रतिशत अभिभावकों का मानना है कि उनके 13 साल से 17 साल के बच्चे प्रतिदिन 3 घंटे से ज्यादा समय स्मार्टफोन पर बिताते हैं। हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे जिले से एक बहुत ही चौंकाने व दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक पन्द्रह वर्षीय बालक ने एक बहुमंजिला इमारत की चौदहवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि नाबालिग ने कथित तौर पर ब्लूव्हेल चैलेंज गेम की लत के चलते यह खतरनाक कदम उठाया है। मीडिया के हवाले से खबर आई है कि जिस बच्चे ने चौदहवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी वह ऑनलाइन गेम खेलने का आदी था। यह भी बताया जा रहा है कि मृतक लड़का पढ़ाई में बेहद अच्छा था और हाल ही में उसने अच्छे अंकों के साथ 9 वीं कक्षा पास की थी। पिछले कुछ महीनों से उसे ऑनलाइन मोबाइल गेम खेलने की लत लग गई थी। आज इंटरनेट व आनलाइन का जमाना है। बच्चे आनलाइन गेम्स के चक्कर में फंसकर अपनी जान से हाथ धो रहे हैं। बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है और वे इन आनलाइन गेम्स के चक्कर में फंसकर ऐसे खतरनाक कदम उठा रहे हैं, जिसके बारे में सोचकर भी किसी का दिल कांप उठता है। दरअसल,आज विभिन्न प्लेटफार्म पर ऐसे आनलाइन गेम्स उपलब्ध हैं और बच्चे इनका आसानी से शिकार बन जाते हैं। वे खेल के मैदानों में न जाकर इंटरनेट के माध्यम से वर्चुअल गेम्स में रचे-बसे रहते हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स, इंटरनेट, एंड्रायड फोन ने जहां हमें बहुत सी सुविधाएं प्रदान कीं हैं, वहीं दूसरी ओर इनके बहुत से खतरे भी हैं। आज न तो अभिभावकों के पास अपने बच्चों के लिए समय बचा है और न ही बच्चों के पास अभिभावकों के लिए समय है। जिंदगी की आपाधापी में हम बच्चों को खेल के मैदानों से नहीं जोड़ पा रहे हैं और न ही आज पहले के जमाने की भांति दादी-नानी की कहानियां ही बची हैं।

# सावन मास का महत्व एवं शिव की शरण

– ललित गर्ग–

सावण मास को मासोत्तम मास कहा जाता है। सावण मास अपना एक विशिष्ट महत्व रखता है। यह माह अपने हर एक दिन में एक नया सवेरा दिखाता। इसके साथ जुडे. समस्त दिन धार्मिक रंग और आस्था में डूबे होते हैं। इस माह की प्रत्येक तिथि किसी न किसी धार्मिक महत्व के साथ जुड़ी हुई होती है। शास्त्रों में सावन के महात्म्य पर विस्तारपूर्वक उल्लेख मिलता है। श्रवण नक्षत्र तथा सोमवार से भगवान शिव शंकर का गहरा संबंध है। इस मास का प्रत्येक दिन पूर्णता लिए हुए होता है। धर्म और आस्था का अटूट गठजोड़ हमें इस माह में दिखाई देता है। इसका हर दिन व्रत और पूजा पाठ के लिए महत्वपूर्ण रहता है। देवों के देव शिव की भक्ति के लिये सावण मास का विशेष महत्व है। शास्त्रों में वर्णित है कि सावन महीने में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसलिए यह समय भक्तों और साधु-संतों सभी के लिए अमूल्य होता है। इस समय सृष्टि के संचालन का उत्तरदायित्व भगवान शिव ग्रहण करते हैं। इसलिए सावन के प्रधान देवता भगवान शिव बन जाते हैं और वे समाज उपेक्षितों, भक्तों एवं पीड़ितों की सहायता करते हैं।



सावन मास की अनेकानेक विशेषताएं एवं अलौकिकताएं हैं। मनीषियों का कहना है कि समुद्र मंथन भी श्रावन मास में ही हुआ। इस मंथन से 14 प्रकार के तत्व निकले। उसमें एक कालकूट विष भी निकला, उसकी भयंकर ज्वाला से समस्त ब्रह्माण्ड जलने लगा। इस संकट से व्यथित समस्त जन भगवान शिव के पास पहुंचे और उनके समक्ष प्रार्थना करने लगे, तब सभी की प्रार्थना पर भगवान शिव ने सृष्टि को बचाने हेतु उस विष को अपने कंठ में उतार लिया और उसे वहीं अपने कंठ में अवरूद्ध कर लिया। इस प्रकार इनका नाम नील कंठ पड़ा। इसके बाद देवताओं ने भगवान शिव को जहर के संताप से बचाने के लिए उन्हें गंगाजल अर्पित किया। इसके बाद से ही शिव भक्त सावण मास में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। ज्योतिलिंगों का दर्शन एवं जलाभिषेक करने से अश्वमेघ यज्ञ के समान फल प्राप्त होते हैं तथा शिवलोक की प्राप्ति होती है, ऐसी मान्यता है। इन दिनों में अनेक प्रकार से शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है जो भिन्न-भिन्न फलों को प्रदान करने वाला होता है। जैसे कि जल से वर्षा और शीतलता की प्राप्ति होती है। दूग्ध अभिषेक एवं घृत से अभिषेक करने पर योग्य संतान की प्राप्ति होती है। ईख के रस से धन संपदा की प्राप्ति होती है। कुशोदक से समस्त व्याधि शांत होती है. दधि से पशु धन की प्राप्ति होती है और शहद से अभिषेक करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

इसके अतिरिक्त एक अन्य कथा के अनुसार, मरकंडू ऋषि के पुत्र मारकण्डेय ने लंबी आयु के लिए सावन माह में ही घोर तप कर शिव की कृपा प्राप्त की थी, जिससे मिली मंत्र शक्तियों के सामने मृत्यु के देवता यमराज भी नतमस्तक हो गए थे। इस महीनें में गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, पंचाक्षर मंत्र इत्यादि शिव मंत्रों का जाप शुभ फलों में वृद्धि करने वाला होता है और जीवन रक्षक माना गया है। भगवान शिव को सावन का महीना प्रिय होने का एक अन्य कारण यह भी है कि भगवान शिव सावन के महीने में पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और वहां उनका स्वागत आर्घ्य और जलाभिषेक से किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं। भू-लोक वासियों के लिए शिव कृपा पाने का यह उत्तम समय होता है।

भगवान शिवशंकर करोड़ों सूर्य के समान दीप्तिमान हैं। जिनके ललाट पर चन्द्रमा शोभायमान है। नीले कण्ठ वाले, अभीष्ट वस्तुओं को देने वाले हैं। तीन नेत्रों वाले यह शिव, काल के भी काल महाकाल हैं। कमल के समान सुन्दर नयनों वाले अक्षमाला और त्रिशूल धारण करने वाले अक्षर-पुरुष हैं। यदि क्रोधित हो जाएं तो त्रिलोक को भस्म करने के शक्ति रखते हैं और यदि किसी पर दया कर दें तो त्रिलोक का स्वामी भी बना सकते हैं। यह भयावह भव सागर पार कराने वाले समर्थ प्रभु हैं। भोले नाथ बहुत ही सरल स्वभाव, सर्वव्यापी और भक्तों से शीघ्र ही प्रसन्न होने वाले देव हैं। उनके सामने मानव क्या दानव भी वरदान मांगने आये तो उसे भी मुंह मांगा वरदान देने में वे पीछे नहीं हटते हैं। भगवान शिव के प्रति जन-जन की भक्ति और निष्ठा, उनका समर्पण और उनकी स्तुति अनायास नहीं है, बल्कि भक्तों ने शिव की भक्ति में वह सब कुछ पाया है, जो उन्होंने चाहा है। यह उस अनादिअनंत, शांतस्वरूप पुरुषोत्तम शिव की भक्ति और वंदना का ही परिणाम है कि व्यक्ति अपनी परेशानियों, असाध्य बीमारियों से उभरकर स्वस्थ बन जाता है, अपने भौतिक जीवन में हर कामनाओं को पूर्ण होते हुए देखता है। वस्तुतः अपने विरोधियों एवं शत्रुओं को मित्रवत बना लेना ही सच्ची शिवभक्ति है। जिन्हें समाज तिरस्कृत करता है उन्हें शिव गले लगाते हैं। तभी तो भक्त भगवान शिव की शरण आकर निश्चिंत हो जाता है, तभी तो अछूत सर्प उनके गले का हार है। अधम रूपी भूत-पिशाच शिव के साथी एवं गण हैं। शिव सच्चे पतित पावन हैं। उनके इसी स्वभाव के कारण देवताओं के अलावा दानव भी शिव का आदर करते हैं और भक्ति करते हैं। समाज जिनकी उपेक्षा करता है, शंकर उन्हें आमंत्रित करते हैं। ऐसे पालक रुद्रदेव की शरण में भक्त स्वयं को निश्चिंत, सुखी, समृद्ध महसूस करता है। हर व्यक्ति शिव की स्तुति एवं भक्ति करते हुए अपने जीवन को सार्थक मानता हैं, क्योंकि भगवान शिव अपने भक्तों को बहुत फल देने वाले हैं, उनकी हर मनोकामना को पूरा करने वाले हैं। जो अनुपम ऐश्वर्यशाली होते हुए भी गजचर्मधारी हैं, अर्ध शरीर में पत्नी को धारण करने पर भी सांसारिक विषयों से मन को विरक्त किए हुए हैं और यतियों में अग्रगण्य हैं, जो अपने अष्ट रूपों से संपूर्ण जगत का पालन करते हुए अभिमानयुक्त नहीं हैं, निराभिमानी हैं, वे हमें श्रेष्ठ मार्ग को दिखाने के लिए हमारी तामसीवृत्ति को मिटाते हैं, हमारी बुराइयों को दूर करते हैं। भगवान शिव जटारूपी वन से निकलती हुई गंगाजी की गिरती हुई धाराओं से पवित्र किए गले में सर्पों की लटकती हुई विशाल माला को धारण कर, डमरू के डम-डम शब्दों से मंडित प्रचंड तांडव नृत्य कर इस संसार की आसुरी शक्तियों को ललकारते हैं, वे शिव हम सबका कल्याण करते और हमारी जीवन सृष्टि को उन्नत एवं खुशहाल बनाते हैं।

# चित्रकूट संदेश

## एसपी के निर्देश पर 11 पर मिनी गुण्डा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में कर्वी कोतवाल उपेंद्र प्रताप सिंह ने भोली-भाली जनता में भय- आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले 11 लोगों पर मिनी गुण्डाएक्ट लागू किया है। बुधवार को कर्वी कोतवाल ने पप्पू उर्फ महेश पुत्र लालू प्रसाद, शिवप्रसाद पुत्र कुन्ना, लालू पुत्र कुन्ना, पुच्ची उर्फ शिवचरण पुत्र लल्लू प्रसाद, रामराज पुत्र कुन्ना, रस्सी उर्फ धनराज पुत्र तीरथदीन उर्फ पप्पू, पुत्तू उर्फ विश्वनाथ पुत्र राम सिंह, विष्णु पुत्र राम सिंह, देव प्रकाश पुत्र जगन्नाथ, राजेंद्र यादव पुत्र वेद प्रकाश व पप्पू उर्फ तीरथदीन पुत्र जगन्नाथ निवासी नारायणपुर चंद्रगहना के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की है।

## डीएम ने दिया चकबन्दी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

**अखंड भारत संदेश**



चकबन्दी अधिकारी को निर्देश देते डीएम।

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने चकबंदी कार्यों की समीक्षा कर बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल व मातहतों को जनता की समस्याओं को शासन की मंशानुसार हल करने के निर्देश दिये।

बुधवार को जिलाधिकारी ने कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को शासन की मंशानुसार लोगों की समस्या हल करने के निर्देश दिये। जनता दर्शन, सम्पूर्ण समाधान व थाना समाधान में शिकायत की पुनरावृत्ति न हो। अधिकारी/कर्मचारी से अपेक्षा किया कि निष्ठा व पारदर्शी ढंग से शासकीय कार्यों का निवर्हन करें। जिन गांवों में चकबंदी हो रही है, वहां चकबंदी विभाग के अधिकारी/कर्मचारी किसी को परेशान न करे। उनसे धनराशि की मांग न करे। किसी को शिकायत हो तो जिलाधिकारी के शासकीय नम्बर 9454417532 व एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद/उप संचालक चकबंदी के नम्बर 8707255806 पर सीधे शिकायत दर्ज करायें। बैठक में बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि जिले में 56 गांवों में दस वर्षों से अधिक समय से चकबंदी चल रही है। तहसील मऊ के दो गांव मऊ मुस्तकिल व खंडेहा की चकबंदी पूरी हो गई है। निर्देश दिये कि इन गांवों में चकबंदी समाप्त करने की धारा-52 का प्रस्ताव एक सप्ताह में चकबंदी निदेशालय को भेजें। बताया कि सालिगपुर व मलवारा में चकबंदी विरोध व मोहरवा तथा रम्पुरिया अव्वल के राम वन गमन पथ से प्रभावित होने से चकबंदी आगे बढ़ाना सम्भव नहीं हो पा रहा। इस बाबत चकबंदी निरस्त करने का प्रस्ताव पेश करने के निर्देश दिये। ये भी निर्देश दिये कि दस वर्ष से पुराने जिन गांवों में अब तक चकबंदी शुरू नहीं हुई, उनका भौतिक सत्यापन कराकर चकबंदी कार्य निकट भविष्य में सम्भव न हो तो गांव की चकबंदी प्रक्रिया निरस्त करने की धारा 6 के तहत 15 दिन में प्रस्ताव पेश करें। जिन गांवों में सर्वे कार्य नहीं हुआ, उन गांवों में सर्वे करायें। स्टाफ की कमी बताने पर चकबंदी निदेशालय से सर्वे स्टाफ की मांग करें। सरैंया, रैपुरा व सेमरदहा में दस वर्ष बीतने के बाद भी चकबंदी पूरी न होने बाबत मनोहरलाल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बन्दोबस्त अधिकारी को निर्देश दिये कि उच्च न्यायालय में लम्बित याचिका बाबत पत्रावली का अध्ययन करने के बाद पत्रावली समेत धारा 52 का प्रस्ताव पेश करें।

## दहेज की भेंट चढी विवाहिता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाड़ी थाने के ओबरी गांव की 23 वर्षीय विवाहिता पूजा की संदिग्ध दशा में हुई मौत पर ससुरालीजनों पर मायके पक्ष ने जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है। पूजा की शादी 2020 में हुई थी। शादी बाद से ही ससुरालीजन दहेज की मांग को लेकर प्रताडित करते थे। ये घटना तीन दिन पहले हुई। ससुरालीजनों ने बताया कि मायके वाले उसे ले जाते थे। मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि पूजा का पति नोएडा में रहता है। वह जब भी आता तो दहेज की मांग को लेकर मारता-पीटता था। पूजा जब गर्भवती हुई तो ससुरालीजन उसे मायके छोड़ गए थे। किसी तरह जानकीकुंड में डिलीवरी करायी। डिलीवरी बाद पति आये दिन उसे मारता-पीटता था। थक-हारकर उसे मायके ले आये। तीन दिन पहले चचिया ससुर अपनी जिम्मेदारी पर पूजा को ले गये थे। ससुरालीजनों ने पूजा की हत्या कर दी। पूजा के पिता व भाई पुणे में प्राइवेट नौकरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। बेटी की मृत्यु की सूचना पर भाई व पिता पुणे से यहां आये हैं। मृतका की मां के पास न रहने से पुलिस में मामले की रिपोर्ट नहीं लिखी।

## आकाशीय बिजली से 15 बकरियां मरी

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मरवरिया पहाड़ में बकरी चरा रहे चरवाहे के बगल में गिरी आकाशीय बिजली से 15 बकरियों की मौत हो गई। चरवाहा भी घायल हो गया।

ये हादसा बुधवार को अपरान्त दो बजे हुआ। बताया गया कि छोटा (45) पुत्र निहोरा कोल खिचरी कोलान रोज की भांति बकरी चराने मरवरिया पहाड गया था। लगभग दो बजे बूंदा-बांदी के साथ बिजली कड़की और 15 बकरियां मर गई। बकरी मालिक चरवाहा छोटा भी झुलस गया। परिजनों ने इलाज को उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मानिकपुर में भर्ती कराया।



पेड़ के नीचे मरी पडी बकरियां।

### आकाशीय बिजली से दो सगे भाई की मृत्यु

**चित्रकूट।** जिले के भरतकूप क्षेत्र के घुरेटनपुर गांव में आकाशीय बिजली से दो सगे भाई देवेंद्र (14) व महेंद्र (17) पुत्र श्रीकेशन वर्मा की मौत हो गई। पिता केशन वर्मा झुलस गये।

## चार को सावन माह मेला पैनी नजर से करायें सम्पन्नः डीएम

### परिक्रमा मार्ग में न घूमे अन्ना जानवर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सावन माह की अमावस्या मेला को सम्पन्न कराने को संबंधित अधिकारियों से कहा कि सावन माह की अमावस्या मेला चार अगस्त को है। मेला सम्पन्न कराने को सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट समेत पर्याप्त पुलिस बल लगाये गये हैं।

बुधवार को कलेक्टेट्रट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने एक्सईएन सिंचाई से कहा कि बारिश को देखते हुए रामघाट पर मंदाकिनी पर घाट की सीढ़ियों की अच्छे ढंग से सफाई कराकर बैरिकेडिंग कर गोताखोर नाव की व्यवस्था करें। एसडीएम कर्वी व ईओ नगर पालिका से कहा कि परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर अतिक्रमण हटायें। बारिश होने से परिक्रमा पथ पर जहां फिसलन हो, वहां डीएसओ व डिप्टी आरएमओ से बोरो की व्यवस्था करायें, ताकि श्रद्धालुओं को समस्या न हो। ईओ से कहा कि सीसीटीवी कैमरा रामघाट व परिक्रमा मार्ग पर चलता रहे। पीए सिस्टम की व्यवस्था करायें। आवारा पशु न घूमने पायें। कर्मचारी लगायें। कैटिल कैचर की व्यवस्था करें। रामघाट व परिक्रमा पथ पर केला के ठेला न लगने पायें। साफ-सफाई व प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की अच्छे से व्यवस्था करें। एडीएम से कहा कि मप्र के अधिकारियों से तालमेल करें, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में जानकारी रहे। अमावस्या मेला सकुशल सम्पन्न कराने को एआरटीओ से कहा कि वाहनों का किराया निर्धारित कर टैम्पो-टैक्सी वाहनों पर चस्पा करायें। किसी भी दशा में वाहनों पर ओवरलोड सवारियां नहीं होनी चाहिए। फूड प्वाइजनिंग को लेकर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी जांच करें। दुकानों पर घरेलू गैस सिलेंडर न मिले। स्वास्थ्य सेवायें व एम्बुलेंस की व्यवस्था करायें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से कहा कि मेला में अधिकारी-कर्मचारी व पुलिस बल श्रद्धालुओं से मानवीय बर्ताव करे। जोनल-सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि पुलिस अधिकारियों से तालमेल कर तैनाती क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर पैनी नजर से मेला सम्पन्न करायें।

बैठक में एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, एसडीएम सौरभ यादव, सीओ सिटी राजकमल, एडीएम न्यायिक राजेश प्रसाद, सीएमओ डा भूपेश द्विवेदी, एक्सईएन सिंचाई, ईओ लालजी यादव मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देते डीएम।

## प्राकृतिक खेती को एबीएसएसएस ने दी प्रेरणा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान ने 31 जुलाई को क्षेत्रीय कार्यालय मानिकपुर में सभी प्रकल्पों की जुलाई की मासिक समीक्षा कर अगस्त की कार्ययोजना बनाई। हर घर झंडा अभियान, हरिशंकरी पौधरोपण व प्राकृतिक खेती को प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण दिया।

बुधवार को एक दिवसीय मासिक बैठक में सस्थान के 25 गांव व क्षेत्र स्तरीय कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में प्राकृतिक खेती क्षेत्र में हो रहे प्रयासों खरीफ फसल प्रदर्शन प्रक्षेत्र, बागवानी में पुनः पौधरोपण, रबी फसल बीज भंडारण गतिविधियां शामिल हैं। संस्थान ने खरीफ मौसम में मानिकपुर पाठा क्षेत्र के डेढ़ सौ किसानों को पचास हेक्टेयर क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती करा रहा है। इटवां डुडैला के मजरा पाटिन में पांच हे सामुदायिक भूमि में सामूहिक प्रयास व संस्थान की प्रेरणा से 101 हरिशंकरी पौधरोपण का निर्णय लिया। संस्थान के संस्थापक गोपाल भाई ने जानकारी दी। बैठक में कार्यकर्ता विजय सिंह, विश्वदीप, भारती, संजय शुक्ल, भरत, आरती, अनिश, सुरेन्द्र, राजू, श्याम सुन्दर, प्रवीण, अजीत, वर्षा, शांति, संतोष, रामराज, मोगली आदि मौजूद रहे।

## इंटरलाकिंग मार्ग उखड़ने से हादसों को दावत, ईओ को दी जानकारी

**चित्रकूट।** रामघाट-बूडे हनुमानजी मार्ग की इंटरलाकिंग उखड़ने से हादसे का खतरा है। रोज सैकड़ों बाइक सवार यहीं से गुजरते हैं। सीतापुर के उतारा मोहल्ले में सड़क मरम्मत जल्द न हुई तो किसी दिन बडा हादसा हो सकता है। बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि रामघाट से बालाजी मंदिर होते हुए बूडे हनुमानजी को इंटरलाकिंग मार्ग है। इसी मार्ग में इंटरलाकिंग की ईंटे उखड़ गई हैं। सैकड़ों दोपहिया वाहन इसी रास्ते से गुजरते हैं। किसी दिन हादसा हो सकता है। कोई सुध नहीं ले रहा। सीतापुर के उतारा मोहल्ले में सड़क कई जगह मरम्मत मांग रही है। लोगों ने जिम्मेदारों को बताया है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अजीत सिंह ने बताया कि नगर पालिका ईओ को दोनों सड़कों की स्थिति से अवगत कराया है। रामघाट के सुलभ शौचालय में नल कनेक्शन कराने का अनुरोध किया है। वर्षों से शौचालय में नल कनेक्शन न होने से लोगों को परेशानी होती है।

## संचारी रोग से बच्चों को कैसे मिलेगी निजात

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने शासन के निर्देश पर जुलाई में संचारी रोग बचाव, सुरक्षा व जागरूकता को बच्चों की रैली निकाल गांव में जागरूकता का प्रसार किया।

बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार पाण्डेय ने रैली से कूडा-करकट, विद्यालय, गलियों, नालियों की सफाई, जल भराव न हो, शौचालय स्वच्छ हो, इस बाबत छात्र/ छात्राओं को जागरूक किया। अभियान की मुख्य कडी सफाई कर्मचारी अभियान दौरान गायब रहे। जिले के दो सौ से अधिक प्रधानाध्यापकों ने शिक्षक ग्रुपों में ये सूचना दी कि महीनों से सफाई कर्मी नहीं आये। शिक्षक फोन करते हैं तो बहाने करते हैं। कोई कहता है सचिवालय में तो कोई कहता है कि विकास भवन में ड्यूटी लगी है। निदेशक पंचायती राज ले सफाई कर्मियों को आदेश दिया है कि राजस्व गांव में रहकर सफाई करें। इस आदेश का जिले में कोई असर नहीं है। सफाई कर्मी महीनों विद्यालय नहीं आयेंगे तो संचारी रोग से बचाव कैसे होगा। विद्यालय शौचालय परिसर कैसे साफ होंगे। विभागीय निरीक्षण में सफाई कर्मियों की लापरवाही का ठीकरा शिक्षकों पर फोडा जाता है। एक अगस्त से जिले के सभी ब्लॉकों मे खण्ड शिक्षाधिकारियों व दो अगस्त को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ज्ञापन देकर अनुरोध करेंगे कि निदेशक पंचायती राज के आदेश का पालन करवाया जाये।

## जमीनों पर अवैध कब्जा कराता है मानिकपुर एसडीएम स्टेनो उदय यादव

### अमीन पद पर है तैनातः बना है एसडीएम का स्टेनो

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मऊ तहसील के चक भदेसर गांव के उदयभान सिंह पुत्र रामखेलावन सिंह ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में भूमि से अधिक भूमि पर कब्जा करने बाबत पत्र लिखा है। आरोप लगाया कि एसडीएम मानिकपुर के स्टेनो उदय यादव आये दिन विवाद कराता है। उदय यादव की भूमिका की जांच कराकर कार्यवाही की जाये।

बुधवार को मऊ तहसील के चक भदेसर गांव के उदयभान सिंह ने बताया कि मानिकपुर तहसील के छेरिहा खुर्द गांव में गाटा संख्या 365/35 रकबा 1.015 हे भूमि कागज में दर्ज है। नक्शा में भी छह बीघा भूमि दर्ज है। 365/22 में सम्पतलाल व मेवालाल पुत्र जागेश्वर के नाम .700 हे भूमि चार बीघा दर्ज है। सम्पत व मेवालाल 365 में कई जगह अवैध कब्जे किये हैं। अवैध कब्जा हटाने को कई बार उसने व ग्रामीणों ने एसडीएम के यहां शिकायत की है। फिर भी कब्जा नहीं हटाया। जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी तथा तहसील दिवस में शिकायत के बाद भी अवैध कब्जा नहीं हटाये गये। न ही सही रिपोर्ट लगाई गई। उनकी जमीन की पैमाइश के आदेश अनुसार नाप नहीं की गई। जमीन का नक्शा तरमीम नहीं है। सम्पत व मेवालाल ये मानने को तैनात नहीं है कि ये भूमि उनकी नहीं है। वे कहते हैं कि .700 हे 365 मि में चार बीघा भूमि है। एक ही खतौनी दिखाकर कई जगह कब्जा किये है। कमलेश खोवा वाले के पास दो बीघा, छंगू महुटा वाले के पास दो बीघा, शमशान के पास तीन बीघा, झील के खेत में तीन बीघा व इन्द्रपाल के घर के पास 12 बिस्वा तथा उदयभान सिंह की जमीन में चार बीघा में कब्जा किये हैं। जिसकी चैहद्दी लिखी गई है। ये सब खुराफात मानिकपुर तहसील के एसडीएम का स्टेनो/मेवालाल का भांजा उदय यादव करा रहा है। दूसरों की जमीनों पर मोटी रकम लेकर कब्जा करवाकर बेंचता है। छेरिहाखुर्द में चार बीघा जमीन की जगह 14 बीघा पर कब्जा कराये है। इससे अन्य कास्तकारों की जमीन कम हो रही है। उन्होंने जिलाधिकारी को दिये पत्र में कहा कि टीम बनाकर मामले की जांच कराई जाये तो दूध का दूध व पानी का पानी हो जायेगा। उदय यादव को एसडीएम के स्टेनों से हटाकर पुनः अमीन पद पर भेजा जाये या अन्यत्र तबादला किया जाये, ताकि क्षेत्र में भूमि बाबत विवाद कम हो सके।

## बिजली ने छीना दिन का सुकून-रात का चैनः विधायक

### विधानसभा में बिजली समेत जनता से जुडे मुद्दे गूंजे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने मानसून सत्र के तीसरे दिन विधानसभा में पूंछे प्रश्न में कहा कि बिजली कटौती ने दिन का चैन व रातों की नींद छीन ली है। गांव व शहर में बिजली रातभर आती-जाती रहती है। लोग खासे परेशान हैं। किसानों की फसलें सूख रही हैं। धान का पलेवा नहीं हो पा रहा।

बुधवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने बिजली पर विधानसभा में कहा कि बिजली कटौती से पेयजल संकट समेत जनता बीमार है। बिल जमा कराने को साल भर विभाग प्रचार करता है। बिजली देने में अधिकारी कान में रुई डाले बैठे हैं। ट्रांसफार्मर खराब होने पर 15 दिन में बदला जाता है। 24 घंटे में ट्रांसफार्मर फुंक जाते हैं। निजी ट्यूबवेल कनेक्शन को दो सौ किसानों का पैसा जमा है। विद्युत सामान नहीं मिल रहा। सपा सरकार में किसानों को निजी ट्यूबवेल कनेक्शन में 66 फीसदी छूट को भाजपा सरकार ने बन्द कर दिया है। सपा सरकार में 24 घंटे बिजली मिलती है। अब आठ घंटे बिजली नहीं मिल रही। उन्होंने मंत्री से पूंछा कि विद्युत कटौती से जनता परेशान है। लोगों में गुस्सा है।

उन्होंने गल्लामंडी ज्ञान भारती इंटर कालेज से सपहा, गनीवां, राजापुर के क्षतिग्रस्त मार्ग की बात उठाई। जिले के इकलौते राजकीय डिग्री कालेज में 35 वर्षों से एमएससी की कक्षायें शुरू न होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने जनता से जुडे कई अन्य मुद्दे विधानसभा में उठाये।



सदर विधायक अनिल प्रधान।

## अमृत सरोवर निर्माण में हुई धांधली, बिना कार्य के हुए भुगतान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक में फिर निर्माण कार्यों के नाम पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। अमृत सरोवर निर्माण के नाम पर प्रधान-सचिव व तकनीकी सहायक की मिलीभगत से पहले कराये कार्यों को दिखाकर भुगतान निकाला है। नये निर्माण नहीं हुए। अन्य कार्यों में गुणवत्ताविहीन कार्य से सरकारी धन की लूट हुई है। निर्माण कार्य समय से पहले ध्वस्त होने लगे हैं। बुधवार को रामनगर ब्लाक के अतरसुई के मजरा गोबरौल के पोखरी तालाब अमृत सरोवर निर्माण में धांधली हुई है। मौजूदा प्रधान-सचिव व तकनीकी सहायक ने पुराने कार्यों को दिखाकर भुगतान निकाला है। मौके पर घाट व रैम्प नहीं बनाया। अमृत सरोवर में इंटरलाकिंग खड़ंजा कार्य गुणवत्ताविहीन कराकर सरकारी धन का बंदरबांट किया है। इससे निर्माण समय से पहले ध्वस्त होने लगे हैं। गांव में और भी कई निर्माण ऐसे हैं कि वहां फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन का गबन हुआ है। अतरसुई गांव में अनुसूचित जाति का प्रधान है। प्रधान का कार्यभार अतुल कुमार मिश्रा देख रहे हैं। विकास कार्यों के नाम पर निजी फर्म के नाम भुगतान करवाकर सरकारी धन का बंदरबांट हो रहा है। अतरसुई के पोखरी तालाब में कराये इंटरलाकिंग खड़ंजा अतुल कुमार मिश्रा ने बनाया है। घाट व रैम्प बिना कार्य कराये भुगतान अतुल कुमार मिश्रा की फर्म कार्तिकेय ट्रेडर्स के नाम हुआ है। ये फर्म अतुल कुमार मिश्रा के भाई विवेक कुमार मिश्रा के नाम है। इससे पहले कार्तिकेय ट्रेडर्स के नाम कई फर्जी भुगतान हुए हैं। जांच में दोषी मिलने पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। अतुल मिश्रा विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन की लूट कर रहे हैं।

## दो दम्पति के विवाद को पुलिस ने सुलझाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में पुलिस ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर दो दम्पति में सुलह कराई।

बुधवार को मानिकपुर थाने के ऊंचाडीह गांव की श्रीमती रचना द्विवेदी पुत्री देशराज द्विवेदी ने पुलिस अधीक्षक को दिये पत्र में कहा कि पति मयंक कुमार पुत्र दिनेश कुमार मिश्रा चमरौंहा व ससुरालीजन गाली- गलौज कर मारपीट कर प्रताड़ित करते हैं। दहेज की मांग करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने एक-दूसरे के साथ तालमेल से रहने का भरोसा दिया। इसी क्रम में सीतापुर कोतवाली कर्वी की श्रीमती पूजा पुत्री भागवत प्रसाद ने एसपी को दिये पत्र में कहा कि पति विकास गौतम पुत्र रामखेलावन सोन बरसा धारकुण्डी सतना मप्र व ससुरालजन गाली-गलौज, मारपीट कर दहेज का प्रताडित करते हैं। एसपी ने पत्र निस्तारण को प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र भेजा। केन्द्र प्रभारी श्रीमती गुड्डी देवी, महिला सिपाही शिवांगनी श्रीवास्तव, महिला सिपाही मंजूलता पाल ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को पुलिस कार्यालय बुलाया है। दोनों पक्षों को भविष्य में विवाद न करने व पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर दम्पति ने तालमेल से रहने का भरोसा दिया।



दम्पाति का सुलहा करती पुलिस।

## सर्पदंश से अधेड महिला की मौत, प्रधान ने की आर्थिक मदद की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर थाने के अर्की गांव के मजरा कुटी में बुजुर्ग महिला की सर्पदंश से मृत्यु हो गई। परिजनों में कोहराम मचा है। क्षेत्रीय लेखपाल ने एसडीएम के निर्देश पर जांचकर आख्या सौंपी है। मंगलवार की रात अर्की गांव के मजरा कुटी के मोतीलाल निषाद की पत्नी शांती देवी (58) रात 11 बजे नाली के पास लघुशंका करने गई थी। अचानक जहरीले सर्प ने पैर में डस लिया। सो रहे परिजनों को सांप काटने की जानकारी हुई तो परिजन आनन-फानन में महुआ गांव झाड़फूंक को ले गये। शांती देवी की हालत बिगड़ने पर इलाज को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजापुर लाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के दो विवाहित पुत्रियां उर्मिला व आशा हैं। लेखपाल शशांक मिश्रा ने जांचकर राजापुर तहसील में आख्या दी है। प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर एसआई शैलेंद्र सिंह ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। प्रधान सौहाद्रा देवी मिश्रा ने बताया कि मोतीलाल निषाद व पत्नी शांति देवी गांव घर में मजदूरी कर पालन-पोषण करते थे। गांव के कुछ लोगों की जमीन बंटाई में लेकर काम चलाते थे। प्रधान ने जिलाधिकारी व एसडीएम से मांग की है कि शासनादेश से मृतका के पति मोतीलाल को आर्थिक मदद दी जाये।

## इजराइल ने बेरूत में किया विस्फोट, हिजबुल्लाह कमांडर को बनाया निशाना



**बेरूत।** इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगर में विस्फोट कर एक हिजबुल्लाह कमांडर को निशाना बनाया। इजराइल ने कहा है कि इस कमांडर ने सप्ताहांत में इजराइली नियंत्रित गोलान हाइट्स पर हमला किया था। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच शनिवार से तनाव बढ़ गया है। इजराइल का आरोप है कि हिजबुल्लाह ने मजदल शम्स के ड्रूस गांव में फुटबॉल खेल रहे 12 बच्चों और किशोरों को निशाना बनाकर मौत के घाट उतार दिया।

द न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि हालांकि हिजबुल्लाह ने इस बात से इनकार किया है कि वह उस हमले के पीछे था। इस पर इजराइली सेना ने कहा है कि यह हमला हिजबुल्लाह ने ही किया। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं। इजराइली रक्षा अधिकारियों ने कहा कि बेरूत में इजराइली हमले का निशाना हिजबुल्लाह का वरिष्ठ अधिकारी फुआद शुक्र था। वह समूह के महासचिव हसन नसरल्लाह का करीबी है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि हमले में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और 35 लोग घायल हो गए।

## पाकिस्तान में शिया और सुन्नी जंग में अब तक 43 लोगों की मौत

**खैबर पख्तूनख्वा।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी कुर्रम आदिवासी जिले में एक भूमि विवाद में सुन्नी और शिया जनजातियों के बीच जारी खूनी संघर्ष में अबतक 43 लोग मारे जा चुके हैं और 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय जनजातीय जिरगा की सहायता और समर्थन से युद्धरत जनजातियों ने सोमवार को अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा की। अस्थिर पहाड़ी कुर्रम क्षेत्र में पिछले कई दशकों में जनजातियों और धार्मिक समूहों के बीच सांप्रदायिक झड़पें और आतंकवादी हमले हुए हैं। सरकार के गृह और आदिवासी मामलों के विभाग के अनुसार, वर्तमान में कुर्रम में आठ बड़े संघर्ष देखने को मिले। पिछले सप्ताह शिया और सुन्नी के दो परिवारों के बीच एक संपत्ति के स्वामित्व को लेकर खूनी लड़ाई शुरू हुई थी। यह दुश्मनी तेजी से कई गांवों और बस्तियों में फैल गई जिसके बाद पूरे जिले में हिंसा होने लगी। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों में 34 शिया जनजाति के और आठ सुन्नी जनजाति से थे।

कुर्रम के मकबल और टेरी मंगल इलाकों में, रविवार रात और सोमवार सुबह तक शिया और सुन्नी जनजातियों के बीच गोलीबारी जारी रही। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में सुन्नी जनजातियों को सीमा पार से समर्थन मिल रहा है क्योंकि ये परिवार पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच विवादित सीमा डूरंड रेखा के दोनों ओर रहते हैं।

क्षेत्र के अधिकांश गांवों में संघर्ष और अशांति को रोकने के लिए सड़कें बंद कर दी गई है। हालांकि, इसके कारण खाने और दवाओं की कमी का लोगों को सामना करना पड़ रहा है।

## खुद से गर्भपात की कोशिश कर रही हैं अमेरिका की औरतें




**अमेरिका।** अमेरिकी में ऐसी औरतों की संख्या बढ़ती जा रही है जिनका कहना है कि उन्होंने खुद ही गर्भपात करने की कोशिश की. अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के गर्भपात पर फैसले के पहले और बाद हुए एक सर्वे में इसका पता चला है। अमेरिका की सर्वोच्च अदालत ने जून 2022 में 'रो वर्सेज वेड' मामले में गर्भपात के मुद्दे पर हाई कोर्ट का फैसला पलट दिया था. इसके बाद से अमेरिका में एक तरह से गर्भपात पर रोक लग गई. इसे लेकर काफी विवाद भी हो रहा है. इस बार के चुनाव के लिए भी इसे बड़ा मुद्दा बताया जा रहा है.

इसी बीच अमेरिका में हुए एक सर्वे से पता चला है कि गर्भवती महिलाओं ने जड़ी-बूटी खा कर, शराब पी कर या फिर अपने पेट में मुक्का मारकर भी गर्भपात कराने की कोशिशें की हैं।

**सर्वे का नतीजा**

यह सर्वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले के पहले और बाद में गर्भ धारण करने की उम्र वाली महिलाओं के बीच किया गया था. जिन महिलाओं ने खुद से गर्भपात की कोशिश की उनका अनुपात 2.4 फीसदी से बढ़ कर 3.3 फीसदी हो गया. सर्वे के नतीजे मंगलवार को जेएएमए नेटवर्क ओपन जर्नल में प्रकाशित हुए हैं।

पिट्सबर्ग की गायनेकोलॉजिस्ट डॉ ग्रेस फर्गुसन गर्भपात सेवा मुहैया कराती हैं. उनका कहना है, "बहुत से लोग ऐसे काम अपने हाथों से कर रहे हैं." रिसर्च रिपोर्ट के लेखकों का कहना है कि संख्या में इजाफा बहुत ज्यादा नहीं है, हालांकि आंकड़े दिखाते हैं कि ऐसी महिलाओं की संख्या लाखों में हो सकती है।

रिसर्चरों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले के छह महीनों में 7,000 महिलाओं से बात की थे।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# नेपाल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पद से शंकर दास वैरागी ने दिया इस्तीफा




काठमांडू। नेपाल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शंकर दास वैरागी ने आज अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री के मातहत रहे राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के तौर पर 6 महीने पहले ही वैरागी की नियुक्ति हुई थी।

नेपाल में सत्ता गठबन्धन और सरकार के नेतृत्व परिवर्तन के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शंकर दास वैरागी के इस्तीफा देने की जानकारी आई है। प्रधानमंत्री कार्यालय में सचिव रहे कृष्णहरि पुष्कर ने वैरागी के इस्तीफे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि वैरागी का इस्तीफा 24 जुलाई को ही आ गया था लेकिन आज हुई कैबिनेट की बैठक में उसको मंजूर कर लिया गया है।

शंकर दास वैरागी का नाम कुछ दिन पहले तक भारत में नेपाल के राजदूत के रूप में भेजे जाने की व्यापक चर्चा थी लेकिन सरकार ने वर्तमान राजदूत डा शंकर शर्मा को ही निरन्तरता देने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि प्रचण्ड सरकार द्वारा उनकी नियुक्ति होने के कारण इस्तीफा लिया गया है। उन्हें प्रचण्ड ने अपने कार्यकाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का पद सृजित कर नियुक्ति दी थी।

कभी नेपाल के विदेश सचिव रहे वैरागी देश के मुख्य सचिव भी रह चुके हैं। अपने कार्यकाल के 6 महीने पहले ही मुख्य सचिव के पद से इस्तीफा देने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री प्रचण्ड ने उन्हें सुरक्षा सलाहकार का विशेष पद सृजित कर नियुक्ति दी थी।

# बागमती नदी उफान पर, काठमांडू के कई इलाके जलमग्न



**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में बीती रात से हो रही मूसलाधार बारिश से बागमती नदी उफान पर है। इस वजह से त्रिपुरेश्वर, कालीमाटी, टेकु इलाके के अलावा बागमती कॉरिडोर के किनारे की बस्तियां जलमग्न हो गई हैं।

जल एवं मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार बागमती और उसकी सहायक नदियां हनुमंते, मनोहरा, धोबीखोला, बिष्णुमती, नख्खू, बल्खु का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। विभाग ने अनुरोध किया है कि बागमती कॉरिडोर के अलावा अन्य नदियों के आसपास न जाएं। उधर, धोबीखोला, बल्खु खोला, कागेश्वरी मनोहरा इलाके की गलियारे वाली सड़कों पर अब भी काफी पानी जमा है। नदी किनारे बने कॉरिडोर के जलमग्न होने के कारण यातायात प्रभावित है। इन सड़कों पर यातायात को फिलहाल पूरी तरह से रोक दिया गया है।

काठमांडू में बाढ़ के कारण सत्तारूढ दल यूएमएल का केंद्रीय कार्यालय सहित शंखमूल पार्क, कालीमाटी सब्जी बाजार क्षेत्र सहित अन्य स्थान भी जलमग्न हो गए हैं। भक्तपुर में मनोहरा नदी ने भी रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। महादेव नदी की बाढ़ से सैकड़ों घर जलमग्न हो गए हैं। भक्तपुर के पुलिस इंस्पेक्टर टेकेंद्र पौडेल ने कहा कि सूर्यबिनायक और मध्यपुर थिमी नगरपालिका में नदी में फंसे 33 लोगों को बचाया लिया गया है।

# तेहरान में मारा गया हमास चीफ इस्माइल हानिया, बॉडीगार्ड की भी मौत



**तेहरान।** दुनियाभर में कुख्यात आतंकी संगठन हमास का प्रमुख इस्माइल हानिया आखिरकार ईरान की राजधानी तेहरान में अपने आवास पर हुए हमले में मारा गया। इस हमले में हानिया का अंगरक्षक भी ढेर हो गया। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के बाद हमास ने भी दोनों की मौत की पुष्टि की है।

हमास ने कहा है कि बुधवार को इजराइल की एयरस्ट्राइक में दोनों की मौत हुई है। उल्लेखनीय है कि हानिया मंगलवार को ईरान के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुआ था। उसकी ईरान के सर्वोच्च नेता से भी मुलाकात हुई थी। ईरानी राज्य टेलीविजन पर विश्लेषकों ने इसके लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है।

सनद रहे, इसी साल अप्रैल में इजराइली सुरक्षाबलों ने हानिया के तीन बेटों को मौत के घाट उतार दिया था। गाजा पट्टी में एयरस्ट्राइक के दौरान तीनों की मौत हुई थी। इजराइल ने दावा किया था कि कि हानिया के तीन बेटे आमिर, हाजेम और मोहम्मद, आतंकी गतिविधियों में शामिल थे। पिछले साल 7 अक्टूबर की आधी रात हमास आतंकवादियों ने इजराइल पर हवाई हमले किए थे। इस हमले में करीब 1,200 लोगों की मौत हो गई थी। तब से इजराइल ने हमास के खिलाफ जंग छेड़ रखी है। इजरायली सेना लगातार गाजा में हमास के खिलाफ सैन्य कार्रवाई कर रही है।

हमास प्रमुख इस्माइल हानिया का जन्म साल 1962 में गाजा पट्टी के अल-शती शरणार्थी शिविर में हुआ था। वह साल 2006 से 2007 तक फिलिस्तीन प्राधिकरण का प्रधानमंत्री रहा। साल 2017 में उसे खालिद मेशाल की जगह हमास चीफ बनाया गया था। इससे पहले इजराइल ने बेरूत में हिजबुल्ला के ठिकानों पर हमला किया। इजराइली सेना ने कहा कि गोलन हाइट्स पर किए गए रॉकेट हमले के जिम्मेदार आतंकी कमांडर को निशाना बनाया गया। इस हमले में हिजबुल्लाह सैन्य कमांडर फुआद शुक्र मारा गया।

## इजराइल ने हिजबुल्ला को निशाना बनाकर बेरूत पर किया हवाई हमला, एक की मौत



**बेरूत।** इजराइल ने मंगलवार को हिजबुल्ला को निशाना बनाते हुए बेरूत पर हवाई हमला किया जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसी के साथ इजराइल का लेबनान में सक्रिय चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के साथ तनाव बढ़ गया है। इजराइल की सेना ने कहा कि यह हमला उसके नियंत्रण वाले गोलान हाइट्स क्षेत्र में गत सप्ताहांत रॉकेट से हमला करने और 12 बच्चों एवं किशोरों की मौत के साथ-साथ अन्य हमलों में कई इजराइली नागरिकों की मौत के लिए जिम्मेदार आतंकी कमांडर के ठिकाने को निशाना बनाकर किया गया। इजराइल ने बीते शनिवार को मजदल शम्स शहर में हुए रॉकेट हमले के लिए हिजबुल्ला को जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, चरमपंथी संगठन ने हमले में अपनी भूमिका से इनकार किया है। इजराइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने मंगलवार के हमले के तुरंत बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में लिखा, हिजबुल्ला ने अपनी हदें पार कर दी है। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने बताया कि ड्रोन से किए गए इस हमले में तीन रॉकेट दागे गए, जिसमें एक महिला की मौत हो गई और कई अन्य लोग घायल हो गए जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। एजेंसी के मुताबिक, घायलों को पास के अस्पतालों में ले जाया गया। विस्फोट स्थल के पास स्थित बहमन अस्पताल ने लोगों से रक्तदान करने का आह्वान किया। यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि जिस पर हमला किया गया है उसकी हमले में मौत हुई या घायल हुआ है। हिजबुल्ला के एक अधिकारी ने बताया कि मंगलवार शाम को बेरूत के दक्षिण में हिजबुल्ला के गढ़ पर इजराइली हवाई हमला हुआ, जिससे नुकसान हुआ है।

## वेनेजुएला ने पेरू के साथ राजनयिक संबंध खत्म किए

**काराकास।** पेरू के विदेश मंत्री जेवियर गोंजालेज-ओलेचिया के



वेनेजुएला राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों पर दिए गए बयान के कारण वेनेजुएला ने पेरू के साथ राजनयिक संबंध खत्म करने का फैसला किया है।

वेनेजुएला के विदेश मंत्री यवन गिल ने एक्स पर पोस्ट किया, "पेरू के विदेश मंत्री के लापरवाह बयानों के बाद हमें यह फैसला करने के लिए मजबूर होना पड़ा है जो वेनेजुएला के लोगों की इच्छा और हमारे संविधान की अनदेखी करते हैं।"

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा कि यह फैसला 1961 के वियना कन्वेंशन के अनुच्छेद 45 के आधार पर लिया गया है, जो कि डिप्लोमैटिक संबंधों पर है।

यह फैसला तब लिया गया जब पेरू ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति चुनाव परिणामों को मान्यता देने से इनकार कर दिया। पेरू के विदेश मंत्री ने कहा कि वे वेनेजुएला के विपक्षी उम्मीदवार एडमंडो गोंजालेज को देश के निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में मान्यता देते हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान सहित कई देशों ने भी मादुरो के एक बार फिर राष्ट्रपति चुनाव जीतने पर गंभीर चिंता जताई है। साथ ही कहा है कि संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता के बारे में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संदेह जताया गया है

सोमवार को वेनेजुएला की राष्ट्रीय चुनाव परिषद (सीएनई) ने घोषणा की कि निकोलस मादुरो ने तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। वह 2031 तक देश पर शासन करेंगे।

मादुरो नौ राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे थे। सभी उम्मीदवारों में से सेवानिवृत्त राजनयिक एडमंडो गोंजालेज को मादुरो के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में देखा जा रहा था

## आईपीईएफ ने भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष चुना

**नई दिल्ली।** भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। ये परिषद इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के 14 सदस्यीय आईपीईएफ ब्लॉक द्वारा गठित तीन निकायों में से एक है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में सहयोग, स्थिरता तथा समृद्धि में योगदान देना है। आईपीईएफ में सहयोग के चार स्तंभ व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# कमला हैरिस से सीधे बहस करने से बचते नजर आ रहे डोनाल्ड ट्रंप




**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की आधिकारिक उम्मीदवार होने के बाद रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवार व पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपनी प्रतिद्वंदी हैरिस के साथ बहस करने की अपनी पूर्व प्रतिबद्धता से पीछे हटते नजर आ रहे हैं। ट्रंप ने इस संभावित बहस के महत्व पर सवाल उठाया है और कहा है कि वह संभवतः बहस करेंगे, लेकिन वह ऐसा न करने का भी तर्क दे सकते हैं। ट्रंप के इस बयान पर हैरिस की टीम ने पलटवार करते हुए कहा कि वह डरे हुए हैं। फॉक्स न्यूज चैनल पर सोमवार रात को प्रसारित साक्षात्कार में ट्रंप से हैरिस के साथ बहस करने के बारे में कई बार सवाल पूछे जाने के बाद पहले की तुलना में अधिक नरमी से जवाब दे रहे थे।

रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप तत्कालीन डेमोक्रेट उम्मीदवार जो बाइडन के साथ बहस करने के लिए तैयार थे। लेकिन बाइडन के दौड़ से बाहर होने और हैरिस को डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने के बाद ट्रंप ने बाइडन के साथ मूल बहस की शर्तों पर सवाल उठाए हैं, जिस पर उन्होंने सहमति जताई थी।

ट्रंप ने एबीसी न्यूज पर 10 सितंबर को प्रस्तावित बहस को किसी दूसरे नेटवर्क पर कराने का सुझाव दिया है। उन्होंने एबीसी को फर्जी खबर बताया है। पिछले हफ्ते पत्रकारों के साथ फोन पर बातचीत में ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह कम से कम एक बार हैरिस के साथ बहस करेंगे। उन्होंने जवाब दिया, हाँ, बिल्कुल। मैं ऐसा करना चाहूँगा,। ट्रंप ने कहा कि बहस करना एक बाध्यता है।